परिशिष्ट

# XVI

# भारतीय राजव्यवस्था संबंधी अभ्यास प्रश्न ( सामान्य अध्ययन–प्रा. परीक्षा )

# [Practice Questions on Indian Polity (General Studies–Prelims)]

1. भारतीय संविधान का कौन–सा अनुच्छेद भारत के राज्य की उपयुक्ता पर विचार करता है?
   (a) अनुच्छेद 100 (b) अनुच्छेद 200
   (c) अनुच्छेद 300 (d) अनुच्छेद 330
2. निम्न में से कौन–सी संसदीय समिति का सभापति निरपवाद तौर पर शासक दल का होता है ?
   (a) लोक उपक्रम समिति
   (b) लोक लेखा समिति
   (c) प्राक्कलन समिति
   (d) प्रत्यायोजित विधान संबंधी निर्माण समिति
3. सांसदों को प्राप्त निम्नलिखित में से वह कौन–सा उपाय है जो विधिवत निर्धारित नहीं है ?
   (a) प्रश्नकाल (b) शून्यकाल
   (c) आधे घंटे की बहस (d) अल्पकालीन बहस
4. निम्न में से कौन–सी समिति केवल निचले सदन की है?
   (a) आश्वासन समिति
   (b) प्रत्यायोजित विधान संबंधी समिति
   (c) लोक उपक्रम समिति
   (d) प्राक्कलन समिति
5. निम्न में से वो कौन–सा उपाय है जो लोक महत्व के मामले पर मंत्री का ध्यान खींचता है?
   (a) आधे घंटे की बहस (b) ध्यानाकर्षण नोटिस
   (c) अल्पकालीन बहस (d) स्थगन प्रस्ताव
6. केंद्रीय सतर्कता आयोग की स्थापना निम्न में से किसकी सिफारिश पर की गई थी?
   (a) प्रशासनिक सुधार आयोग
   (b) गोरवाला रिपोर्ट
   (c) कृपलानी समिति
   (d) संथानम समिति
7. लोकायुक्त की संस्था सर्वप्रथम किस राज्य ने स्थापित की थी?
   (a) ओडीशा (b) बिहार
   (c) पंजाब (d) महाराष्ट्र
8. महाराष्ट्र में लोकायुक्त संस्था की स्थापना किस वर्ष में हुई थी ?
   (a) 1970 (b) 1972
   (c) 1973 (d) 1971
9. शून्यकाल के बारे में सही वक्तव्यों में क्या शामिल होता है?
   1. यह संसद के दोनों सदनों की प्रत्येक बैठक का पहला घंटा होता है।
   2. इसका उल्लेख संसद के सदनों के कार्य नियमों में किया गया है।

3. इस काल में मामले बिना किसी पूर्व नोटिस या अनुमति के उठाए जाते हैं।
4. संसद के दोनों सदनों में यह प्रश्नकाल के तत्काल बाद आता है।
5. संसदीय कार्यप्रणाली में यह 1964 से भारत की देन है।

(a) 2, 3 और 4 (b) 3 और 4
(c) 1, 2 और 5 (d) 2, 3 और 5

10. ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संबंधी सही वक्तव्य कौन-से हैं ?
1. अति आवश्यक सार्वजनिक महत्व के मामले में मंत्री का ध्यान आकर्षण कराने की युक्ति
2. इसका मुख्य उद्देश्य मंत्री से आधिकारिक वक्तव्य प्राप्त करना है।
3. इसमें सरकार की निंदा नहीं होती।
4. यह 1952 से संसदीय कार्यप्रणाली में भारत की देन है।
5. इसका उल्लेख प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों में नहीं है।

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 4 और 5
(c) 1, 2, 3 और 5 (d) 1, 2 और 3

11. स्थगन प्रस्ताव के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?
1. यह एक असाधारण प्रक्रिया है, जिसमें सदन के सामान्य कामकाज को दरकिनार कर दिया जाता है।
2. इसका मुख्य उद्देश्य वर्तमान के लोक महत्व के किसी अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना होता है।
3. राज्यसभा इस प्रक्रिया का प्रयोग कर सकती है।
4. इसे लाने के लिये कम से कम 50 सदस्यों का अनुमोदन आवश्यक है।
5. इसमें सरकार की निंदा की जा सकती है।

(a) 1, 2, 4 एवं 5 (b) 2, 3 एवं 5
(c) 2, 3 एवं 4 (d) 1, 2 एवं 4

12. भारत में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के रिट अधिकार क्षेत्र के बीच अंतर के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन गलत है ?
1. उच्चतम न्यायालय रिट को जारी कर सकता है। न केवल मौलिक अधिकारों को लागू करने के मामले में बल्कि किसी भी अन्य उद्देश्य के लिए भी जबकि उच्च न्यायालय रिट केवल मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए कर सकते हैं।
2. उच्च न्यायालय निषेधाज्ञा रिट जारी कर सकते हैं जबकि उच्चतम न्यायालय निषेधाज्ञा जारी नहीं कर सकता।
3. उच्चतम न्यायालय केवल अपील के मामले में रिट जारी कर सकता है जबकि उच्च न्यायालय केवल तब कर सकता है जब संबद्ध पक्ष इसके पास जाता है।
4. उच्च न्यायालय रिट जारी कर सकते हैं, न केवल मौलिक अधिकारों को लागू करने के मामले में बल्कि अन्य उद्देश्यों के लिए भी जबकि उच्चतम न्यायालय केवल मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए रिट जारी कर सकता है।

(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 2 और 3 (d) केवल 4

13. भारत जैसे संसदीय देशों में प्रशासन पर विधायी नियंत्रण प्रभावशीलता में निम्न में से किन कारणों से कम और सीमित है?
1. प्रशासनिक काम के आकार और विविधता में विस्तार।
2. गिलोटिन अक्सर इस्तेमाल
3. विधायिका का बड़ा आकार
4. विधायिका के सदस्य साधारण जल हैं
5. वित्त समितियों का काम शव परीक्षा करना है।

(a) 1, 2 और 5 (b) 2, 3 और 4
(c) 2, 3, 4 और 5 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

14. लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कितने सांसदों के समर्थन आवश्यकता है ?
(a) 80 (b) 140
(c) 160 (d) 50

15. अतारांकित प्रश्न के बारे में निम्न में से कौन से कथन सही नहीं हैं ?
1. इस पर तारे का चिह्न होता है।
2. उनके उत्तर-मौखिक रूप से नहीं दिए जाते।
3. इस तरह के प्रश्नों के उत्तर के बाद पूरक प्रश्न नहीं होते।

4. इन पर तारे का चिह्न नहीं होता।
5. ऐसे प्रश्नों के उत्तर लिखित में दिए जाते हैं।

(a) 2 और 3 (b) 3, 4 और 5
(c) 1 और 2 (d) 2, 3 और 4

16. संसद में लोकपाल विधेयक निम्न में से कौन से वर्ष में प्रस्तुत नहीं हुआ था ?

(a) 1968 (b) 1971
(c) 1978 (d) 1985

***कथन (A) और कारण (R) प्रतिरूप***

निम्न प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए संकेतों का इस्तेमाल करके दीजिए:

(a) A और R दोनों सही हैं और R,A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, पर R,A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है पर R गलत है।
(d) A गलत है पर R सही है।

17. ***कथन:*** भारत में उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों का अधिकार क्षेत्र एक समान है।

***कारण :*** उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय दोनों ही बंदी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, निषेध, उत्प्रेषण लेख और अधिकार पृच्छा की रिटें जारी कर सकते हैं।

18. ***कथन :*** जनतंत्र में प्रशासन का परम उत्तरदायित्व जनता के प्रति है।

***कारण :*** जनतांत्रिक सरकार लोकगत प्रभुसत्ता पर आधारित होती है।

**मिलान प्रतिरूप**

सूची I का मिलान सूची II से करिए और कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:

19.

| | **सूची I** | **सूची II** |
|---|---|---|
| A. | अल्पकालिक बहस | 1. 1964 |
| B. | ध्यानाकर्षण बहस | 2. 1962 |
| C. | शून्यकाल | 3. 1953 |
| D. | लोक उपक्रम समिति | 4. 1954 |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

20.

| | **सूची I (रिटें)** | **सूची II (शाब्दिक अर्थ)** |
|---|---|---|
| A. | परमादेश | 1. 'किस आज्ञापत्र या अधिकार से' |
| B. | बंदी प्रत्यक्षीकरण | 2. 'हमारा आदेश है' |
| C. | अधिकार पृच्छा | 3. 'प्रमाणित करने को' |
| D. | उत्प्रेषण लेख | 4. 'सशरीर प्रस्तुत करना' |

***कूट:***

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

21.

| | **सूची I (उपबंध)** | **सूची II (अनुच्छेद)** |
|---|---|---|
| A | सर्वोच्च न्यायालय का रिट अधिकार क्षेत्र | 1. अनुच्छेद 13 |
| B | सरकार के विरुद्ध दावा | 2. अनुच्छेद 226 |
| C | उच्च न्यायालय का रिट अधिकार क्षेत्र | 3. अनुच्छेद 300 |
| D | न्यायिक समीक्षा के अधिकार का स्रोत | 4. अनुच्छेद 32 |
| | | 5. अनुच्छेद 166 |

***कूट:***

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 5 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 5 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 5 | 4 | 3 | 2 |

22. भर्ती प्रक्रिया में संघ लोक सेवा आयोग का अंतिम कार्य कौन-सा है?

(a) चयन (b) नियुक्ति
(c) प्रमाणीकरण (d) स्थापन

23. अखिल भारतीय सेवा के सदस्यों की सेवा शर्तों का निर्धारण कौन करता है?

(a) भारत के राष्ट्रपति (b) भारतीय संविधान
(c) भारतीय संसद (d) संघ लोक सेवा आयोग

24. संवैधानिक सुरक्षा की कौन-सी धारा लोक सेवकों को सुनिश्चित करती है?
    (a) अनुच्छेद 310 (b) अनुच्छेद 315
    (c) अनुच्छेद 312 (d) अनुच्छेद 311

***कथन (A) और कारण (R) प्रतिरूप:***

निम्न प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए संकेतों का इस्तेमाल करके दीजिए:

(a) A और R दोनों सही हैं और R,A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, पर R,A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है पर R गलत है।
(d) A गलत है पर R सही है।

25. ***कथन:*** भारत ने लोक सेवकों की राजनीतिक गतिविधियों पर कड़े नियंत्रण लगाए गए हैं।
    ***कारण:*** भारत में लोक सेवकों को मतदान का अधिकार है।
26. ***कथन:*** अखिल भारतीय सेवा का सदस्य राज्य सरकार के आदेश के विरुद्ध भारत के राष्ट्रपति से अपील कर सकता है।
    ***कारण:*** संविधान के अनुच्छेद 311 में कहा गया है कि लोक सेवक को किसी उस प्राधिकारी द्वारा हटाया या निकाला नहीं जा सकता जो उसे नियुक्त करने वाले प्राधिकारी के अधीनस्थ है।
27. लेखानुदान कब पारित किया जाता है?
    (a) माँगों पर मतदान के बाद
    (b) आम बहस से पहले
    (c) आम बहस के बाद
    (d) माँगों पर मतदान से पहले अथवा आम बहस के बाद
28. बजट अधिनियम के निम्नलिखित चरणों को सही क्रम में रखिए:
    1. आम बहस
    2. विनियोग विधेयक
    3. वित्त विधेयक
    4. अनुदान माँगों पर मतदान
    5. विधायिका को प्रस्तुतीकरण
    (a) 1, 2, 3, 4, 5 (b) 5, 1, 4, 2, 3
    (c) 5, 1, 4, 3, 2 (d) 5, 1, 3, 4, 2
29. बजट के साथ विधायिका को निम्न में से कौन से दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते हैं?
    1. बजट संबंधी व्याख्यात्मक ज्ञापन पत्र
    2. अनुदान मांगों का सारांश
    3. विनियोग विधेयक
    4. वित्त विधेयक
    5. आर्थिक सर्वेक्षण
    (a) 1, 3 और 5 (b) 1, 2 और 3
    (c) 2, 3 और 5 (d) 1, 2, 3 और 4
30. संसद में कटौती प्रस्ताव की स्वीकार्यता की शर्त निम्न में से कौन-सी नहीं है?
    (a) इसको मौजूदा नियमों में संशोधन का सुझाव नहीं देना चाहिए।
    (b) इसका संबंध उस खर्च से नहीं होना चाहिए जो भारत की संचित निधि से लिया जाता है।
    (c) यह एक से अधिक माँग से संबंधित नहीं होना चाहिए।
    (d) इसको विशेषाधिकार का प्रश्न नहीं उठाना चाहिए।
31. नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टीका-टिप्पणी पर उचित कार्यवाही करने की अंतिम जिम्मेदारी किसकी है?
    (a) भारत के राष्ट्रपति (b) उच्चतम न्यायालय
    (c) संसद (d) राष्ट्रीय विकास परिषद
32. आम बजट में असैनिक खर्चों के लिए माँगों की संख्या कितनी है?
    (a) 100 (b) 106
    (c) 103 (d) 102
33. भारतीय संविधान के निम्न में से कौन-से अनुच्छेद में 'बजट' शब्द का उल्लेख किया गया है?
    (a) अनुच्छेद 266 (b) अनुच्छेद 112
    (c) अनुच्छेद 265 (d) किसी में नहीं
34. भारत में बजट विधिवत किस वर्ष में शुरू किया गया?
    (a) 1860 (b) 1947
    (c) 1950 (d) 1868
35. निम्न में से कौन-से कथन गलत हैं?
    1. राज्यसभा धन विधेयक को अस्वीकार कर सकती है।
    2. राज्यसभा धन विधेयक पर सिफारिशें कर सकती है।

3. राज्यसभा धन विधेयक अस्वीकार नहीं कर सकती।
4. राज्यसभा को धन विधेयक 14 दिन के भीतर लोकसभा को लौटाना चाहिए।
5. राज्यसभा धन विधेयक में संशोधन कर सकती है।

(a) 2, 3 और 4 (b) 1, 2 और 5
(d) 1 और 5 (d) केवल 1

36. निम्न में से कौन-सा खर्च भारत की संचित निधि से लिया जाता है?
1. लोकसभा अध्यक्ष के भत्ते
2. ऋण लेने और ऋण सेवा तथा विमोचन संबंधी खर्च
3. उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की पेंशनें।
4. किसी मध्यस्थता अधिकरण के निर्णय की पूर्ति के लिए आवश्यक राशि ।
5. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय के प्रशासनिक खर्चे ।

(a) 2 और 5 (b) 1, 2 और 5
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

37. भारत के लोक लेखा संबंधी कौन से कथन सही हैं?
1. लोक लेखा वह कोष है जिससे सरकार के द्वारा या इसकी ओर से प्राप्त सभी लोक राशियों को जमा किया जाता है।
2. भारत के लोक लेखा से भुगतान के लिए किसी विधायी विनियोग की आवश्यकता नहीं है।
3. भारत के लोक लेखा से भुगतानों के लिए विधायी विनियोग अपेक्षित है।
4. भारत की संचित निधि में जमा होने वाली राशियों के अतिरिक्त सरकार द्वारा या इसकी ओर से प्राप्त सभी राशियाँ भारत के लोक लेखा में जमा की जाती हैं।
5. इसका संचालन कार्यकारी कार्यवाही से होता है।

(a) 1, 2 और 5 (b) 1, 3 और 5
(c) 2, 4 और 5 (d) 2 और 4

38. निम्न में से कौन-सा वक्तव्य सही नहीं है ?
1. विनियोग विधेयक में संशोधन नहीं किया जा सकता है जबकि वित्त विधेयक में किया जा सकता है।
2. वित्त विधेयक में संशोधन नहीं किया जा सकता जबकि विनियोग विधेयक में किया जा सकता है।
3. विनियोग विधेयक और वित्त विधेयक दोनों के लिए समान कार्यविधि लागू होती है।
4. विनियोग विधेयक और वित्त विधेयक के लिए कार्यविधियाँ अलग-अलग हैं।
5. राज्यसभा विनियोग विधेयक को अस्वीकार नहीं कर सकती जबकि वित्त विधेयक को कर सकती है।

(a) 2 और 4 (b) 2, 4 और 5
(c) 1 और 3 (d) 1, 3 और 5

***मिलान प्रतिरूप***

सूची I का मिलान सूची II से करिए और सूचियों के नीचे दिए गए संकेतों का प्रयोग करके सही उत्तर दीजिए–

39.

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| A. | सांकेतिक कटौती प्रस्ताव | 1. | "माँग की राशि को निर्दिष्ट राशि तक कम कर दिया जाए।" |
| B. | मितव्ययता कटौती प्रस्ताव | 2. | "माँग की राशि में एक रुपया कम कर दिया जाए।" |
| C. | नीति कटौती प्रस्ताव | 3. | "माँग की राशि में 100 रुपए कम कर दिए जाए।" |
| | | 4. | "माँग की राशि घटाकर 1 रुपया कर दी जाए।" |
| | | 5. | "माँग की राशि घटाकर 100 रुपए कर दी जाए। |

***कूट:***

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 1 | 2 |
| (b) | 5 | 3 | 1 |
| (c) | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 5 | 2 |

**40.**

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| A | विधि के प्राधिकार के बिना न तो कोई कर लगाया जाएगा, न एकत्र किया जाएगा। | 1. | अनुच्छेद 117 |
| B | कर लगाने वाला कोई विधेयक संसद में राष्ट्रपति | 2. | अनुच्छेद 113 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | की सिफारिश के बिना पेश नहीं किया जा सकता है। | | |
| C | विधायिका की संस्वीकृति के बिना कोई खर्च नहीं किया जा सकता। | 3. | अनुच्छेद 265 |
| D | खर्च के लिए कोई अनुदान की माँग राष्ट्रपति की सिफारिश के बिना नहीं रखी जा सकती। | 4. | अनुच्छेद 112 |
| | | 5. | अनुच्छेद 266 |

***कूट:***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 5 | 2 |
| (c) | 4 | 5 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 2 |

**41.**

| | सूची-I (शब्द) | | सूची-II (द्वारा परिभाषित) |
|---|---|---|---|
| A. | भारत की संचित निधि | 1. | अनुच्छेद 110 |
| B. | धन विधेयक | 2. | अनुच्छेद 267 |
| C. | वार्षिक वित्तीय विवरण | 3. | अनुच्छेद 266 |
| D. | भारत की आकस्मिकता निधि | 4. | अनुच्छेद 265 |
| | | 5. | धारा 112 |

***कूट:***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 5 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 5 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 5 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 5 | 2 |

***कथन (A) और कारण (R) प्रकार***

निम्न प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए संकेतों का इस्तेमाल करके दीजिए–

(a) A और R दोनों सही हैं और R,A की सही व्याख्या है।

(b) A और R दोनों सही हैं, पर R,A की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A सही है पर R गलत है।

(d) A गलत है पर R सही है।

42. ***कथन:*** बजट एक गोपनीय दस्तावेज है तथा संसद में इसे पेश करने से पहले इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है।

***कारण:*** भारत ने संसदीय प्रकार की सरकार को अपनाया है।

43. ***कथन:*** बजट संचित निधि पर भारित व्यय एवं संचित निधि से किए गए व्यय के बीच अंतर स्पष्ट करता है।

***कारण:*** भारत की संचित निधी पर जो व्यय भारित होते हैं, उन पर संसद में मतदान नहीं किया जा सकता है।

44. ***कथन:*** संसद की अनुमति के बिना कोई भी व्यय नहीं किया जा सकता है।

***कारण:*** ब्रिटेन की तरह हमारी लोकतांत्रिक सरकार संसद की संप्रभुता के सिद्धांत पर आधारित है।

45. ***कथन:*** राज्यसभा को वित्तीय मामलों पर काफी कम शक्तियां प्राप्त हैं।

***कारण:*** लोकसभा अनुदान मांगों पर अकेले मतदान कर सकती है।

46. ***कथन:*** लोकसभा में वित्तमंत्री के बजट भाषण के बाद बजट को ऊपरी सदन (राज्यसभा) में रखा जाता है।

***कारण:*** इसे लोकसभा में फरवरी के अंतिम कार्यदिवस को प्रस्तुत किया जाता है।

47. ***कथन:*** भारत की संचित निधि पर भारित व्यय पर संसद में मतदान नहीं किया जा सकता है।

***कारण:*** यह प्रकृति में अधिकृत भुगतान होता है।

48. ***कथन:*** भारतीय संविधान ने संसद को भारत की आकस्मिकता निधि का निर्माण करने के लिए अधिकृत किया है।

***कारण:*** यह निधि सरकार को अपूर्वानुमानित व्यय करने में सक्षम बनाती है।

49. ***कथन:*** भारत में लेखा परीक्षा, व्यय के विधिक पहलू के साथ ही तकनीकी पहलू से भी संबंधित होती है।

***कारण:*** जिस उपबंध के अंतर्गत नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक लेखा परीक्षा करता है उसके अनुसार वह यह देखता है कि कोष में उपलब्ध धनराशि का विधिक एवं युक्तियुक्त तरीके से व्यय किया गया है या नहीं तथा सरकार ने जिन कार्यों के लिये यह धन दिया है, उनमें इसे लगाया गया है या नहीं।

50. वित्त आयोग निम्नलिखित में से कौन–सी अनुशंसा नहीं करता है?

(a) कर से हुई प्राप्तियों का केंद्र और राज्यों के बीच वितरण।

(b) भारत की समेकित निधि से राज्यों को सहायता अनुदान देते समय केंद्र सरकार द्वारा पालन किए जाने वाले निदेश (सिद्धांत)।

(c) भारत के लोक लेखा से राज्यों को आंबटित की जाने वाली राशि।

(d) बेहतर वित्तीय स्थिति के हित में राष्ट्रपति द्वारा आयोग को संदर्भित कोई अन्य विषय।

51. राष्ट्रीय विकास परिषद में कौन शामिल हैं ?

(a) प्रधानमंत्री, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और नीति आयोग के सदस्य।

(b) प्रधानमंत्री, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और नीति आयोग के सदस्य।

(c) प्रधानमंत्री, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, कुछ केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और संघशासित क्षेत्र के प्रशासक और नीति आयोग के सदस्य।

(d) प्रधानमंत्री, सभी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, सभी केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासक और नीति आयोग के सदस्य।

52. राष्ट्रपति द्वारा अध्यादेश लाए जाने की शक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही नहीं है ?

(a) यह संसद की विधायी शक्ति के साथ जुड़ा हुआ है।

(b) अनुच्छेद 123 में उल्लेख है।

(c) संसद के दोबारा शुरू होने की तिथि से 6 सप्ताह के बाद निष्प्रभावी हो जाएगी।

(d) राष्ट्रपति द्वारा कभी वापिस नहीं लिया जा सकता है।

53. भारत सरकार अधिनियम, 1935 की प्रमुख विशेषतायें हैं:

1. अखिल भारतीय संघ
2. प्रांतीय स्वायत्तता
3. केंद्र में द्वैध शासन
4. राज्यों में द्वैध शासन की समाप्ति

(a) 1 तथा 2 (b) 1 , 2 एवं 3

(c) 2 , 3 एवं 4 (d) 1 , 2 , 3 एवं 4

54. संघ और राज्यों के लेखाखातों का रख–रखाव निम्नलिखित में से किसके द्वारा निर्धारित ढंग से किया जाएगा?

(a) भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के परामर्श में भारत के वित्तमंत्री।

(b) योजना आयोग की स्वीकृति से भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक।

(c) राष्ट्रपति की स्वीकृति से भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक।

(d) भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के परामर्श में भारत के राष्ट्रपति ।

55. पूर्ववर्ती योजना आयोग को 'आर्थिक मंत्रिमंडल' किसने बताया था?

(a) पी.पी. अग्रवाल (b) अशोक चंद

(c) डी.आर. गाडगिल (d) के. संथानम

56. निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा चुनाव सिद्धांत का सूत्रपात किया गया था?

(a) भारतीय परिषद् अधिनियम - 1861

(b) भारतीय परिषद् अधिनियम - 1892

(c) भारतीय परिषद् अधिनियम - 1909

(d) भारतीय परिषद् अधिनियम - 1919

57. निम्नलिखित में से किसे संवैधानिक दर्जा प्राप्त है?

1. वित्त आयोग 2. नीति आयोग

3. क्षेत्रीय परिषदें 4. राष्ट्रीय विकास परिषद

5 निर्वाचन आयोग 6 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

(a) 1 , 3 और 5 (b) 1 और 5

(c) 1 , 2 , 5 और 6 (d) 1 , 3 , 5 और 6

58. भारतीय संघीय प्रणाली की विशेषता निम्नलिखित में से कौन–सी हैं?

1. शक्तियों का बंटवारा
2. शक्तियों का अलग–अलग होना
3. स्वतंत्र न्यायपालिका
4. प्रधानमंत्री का नेतृत्व
5. लिखित संविधान

(a) 2 , 3 और 5 (b) 1 , 4 और 5

(c) 1 , 2 और 5 (d) 1 , 3 और 5

59. निम्नलिखित में से कौन–सा विभाग गृह मंत्रालय के अधीन नहीं है?

(a) आंतरिक सुरक्षा विभाग

(b) गृह विभाग

(c) राज्यों से संबंधित विभाग

(d) कानून और व्यवस्था से जुड़ा विभाग

60. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन वित्त आयोग के संदर्भ में सही नहीं है?
   (a) इसका गठन प्रति 5 वर्ष की समाप्ति पर होता है।
   (b) करों से हुई प्राप्तियों को केंद्र और राज्यों में वितरण की अनुशंसा करता है।
   (c) इसमें एक अध्यक्ष और चार सदस्य होते हैं।
   (d) इसकी सलाह सरकार के लिए बाध्यकर है।

61. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म (जोड़ा) सही है?
   (a) वर्ष 1909 का अधिनियम - चुनाव का सिद्धांत
   (b) वर्ष 1919 का अधिनियम - प्रांतीय स्वायत्तता
   (c) वर्ष 1935 का अधिनियम - राज्यों में द्वैध शासन
   (d) वर्ष 1947 का अधिनियम - जिम्मेदार सरकार

62. भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक को उसके पद से जिस ढंग और जिस आधार पर हटाया जा सकता है, वे निम्न में से किससे संबंधित है?
   (a) संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष
   (b) उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति
   (c) भारत के महान्यायवादी
   (d) लोकसभा अध्यक्ष

63. निम्नलिखित में से किसकी सिफ़ारिश पर केंद्र द्वारा राज्यों को वैधानिक अनुदान (statutory) दिए जाते हैं?
   (a) नीति आयोग (b) राष्ट्रीय विकास परिषद्
   (c) वित्त मंत्रालय (d) वित्त आयोग

64. पोर्टफ़ोलियो प्रणाली को संवैधानिक मान्यता किस अधिनियम द्वारा प्रदान की गयी थी?
   (a) भारतीय परिषद अधिनियम, 1892
   (b) भारतीय परिषद अधिनियम, 1871
   (c) भारतीय परिषद अधिनियम, 1861
   (d) भारतीय परिषद अधिनियम, 1882

65. द्वैध शासन प्रणाली की शुरुआत किस अधिनियम से हुई थी?
   (a) भारतीय परिषद अधिनियम, 1909
   (b) भारत सरकार अधिनियम, 1919
   (c) भारत सरकार अधिनियम, 1935
   (d) स्वतंत्रता अधिनियम, 1947

66. भारत सरकार अधिनियम, 1935 की निम्नलिखित में कौन-सी विशेषता नहीं हैं?
   (a) केंद्र में द्वैध शासन प्रणाली
   (b) अखिल भारतीय संघ
   (c) प्रांतीय स्वायत्तता
   (d) प्रांतों में द्वैधशासन प्रणाली

67. संविधान में निम्न में से किस संशोधन द्वारा राष्ट्रपति के लिए पहली बार यह अनिवार्य बनाया गया कि वह मंत्रिपरिषद की सलाह पर काम करेगा?
   (a) 24 वाँ संशोधन (b) 42 वाँ संशोधन
   (c) 44 वाँ संशोधन (d) 54 वाँ संशोधन

68. भारतीय संघ किसके प्रतिरूप पर आधारित है?
   (a) स्विट्जरलैंड (b) अमेरिका
   (c) रूस (d) कनाडा

69. "भारतीय संविधान ने सहायक एकात्मक विशिष्टाताओं के साथ एक संघीय राज्य की बजाए, संघीय सहायक विशिष्टताओं के साथ एक एकात्मक राज्य की स्थापना की," यह कथन निम्न में से किसका है?
   (a) ग्रेनविल ऑस्टिन (b) आयवर जेनिंग्स
   (c) बी.आर. अंबेडकर (d) के.सी. व्हीयर

70. भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
   1. उसकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा पाँच वर्ष की अवधि के लिए होती है।
   2. उसका वेतन और सेवा शर्तें राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित की जाती है।
   3. वह 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर पद छोड़ देगा।
   4. वह राष्ट्रपति द्वारा ही पदच्युत किया जा सकता है।
   5. वह केंद्र और राज्य सरकारों के लेखों के रख-रखाव के लिए जिम्मेदार है।
   (a) 1, 4 और 5 (b) 2, 3 और 5
   (c) 1, 2, 3, 4 और 5 (d) 2, 4 और 5

71. नीति आयोग के उपाध्यक्ष के संबंध में निम्नलिखित में कौन-से कथन सही हैं?
   1. उसकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा होती है।
   2. उसे कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त होता है।
   3. वह केंद्रीय मंत्रिमंडल का सदस्य होता है।
   4. वह कैबिनेट की बैठकों में विशेष आमंत्रित सदस्य के रुप में शामिल होता है।
   5. वह आयोग का वास्तविक कार्यकारी प्रमुख होता है।
   (a) 1, 2, 4 और 5 (b) 2, 3, 4 और 5
   (c) 2, 4 और 5 (d) 1, 2, 3 और 5

72. राज्य की नीति-निदेशक तत्वों के संबंध में निम्नलिखित में कौन-से कथन सही हैं?
   1. इन्हें आयरलैंड के संविधान से लिया गया है।
   2. इन्हें संविधान के भाग 4 में शामिल किया गया है।
   3. इनका उद्देश्य प्रजातंत्र को सामाजिक और आर्थिक आधार प्रदान करना है।
   4. राज्यों को इन्हें अनिवार्यत: लागू करना होता है।
   5. सब तत्व गांधीवादी विचारधारा से प्रेरित हैं।
   (a) 1, 2, 3 और 5 (b) 1, 3 और 5
   (c) 1, 3, 4 और 5 (c) 1 और 3
73. बंगाल का गवर्नर जनरल निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा भारत का गवर्नर जनरल बना?
   (a) भारत सरकार अधिनियम, 1858
   (b) भारतीय परिषद अधिनियम, 1861
   (c) पिट्स इंडिया अधिनियम, 1784
   (d) चार्टर अधिनियम, 1833
74. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?
   (a) भेदभाव का निषेध–अनुच्छेद 15
   (b) संघ बनाने का अधिकार–अनुच्छेद 19
   (c) जीवन रक्षा का अधिकार–अनुच्छेद 20
   (d) संवैधानिक उपचार का अधिकार–अनुच्छेद 32
75. भारतीय संघ को 'केंद्रीय प्रवृत्ति-अभिमुख संघ' की संज्ञा किसने दी थी?
   (a) बी.आर. अंबेडकर (b) के.सी. व्हीयर
   (c) आयवर जेनिंग्स (c) ग्रेनविल ऑस्टिन
76. निम्नलिखित में से किस अधिनियम में यह प्रावधान था कि भारतीय गतिविधियों पर ब्रिटिश सरकार का सीधा नियंत्रण होगा?
   (a) चार्टर अधिनियम, 1858
   (b) रेगुलेटिंग अधिनियम, 1773
   (c) पिट्स इंडिया एक्ट, 1784
   (d) चार्टर अधिनियम, 1833
77. मूल अधिकारों के संबंध में निम्न में कौन-से कथन सही हैं?
   1. इन्हें न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है।
   2. ये अधिकार औचित्यपूर्ण हैं।
   3. इन अधिकारों से राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान वंचित किया जा सकता है।
   4. ये अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को ही प्राप्त हैं।
   5. इनका उल्लेख संविधान के भाग 4 में किया गया है।
   (a) 1, 3, 4 और 5 (b) 1, 2, 3 और 5
   (c) 1 और 3 (d) 1, 3 और 5
78. संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों को किस संशोधन द्वारा जोड़ा गया?
   (a) 41वें संशोधन द्वारा (b) 44 वें संशोधन द्वारा
   (c) 46 वें संशोधन द्वारा (d) 42 वें संशोधन द्वारा
79. निम्नलिखित में से किसकी सिफारिश के बिना अनुदान की माँग नहीं की जा सकती है?
   (a) प्रधानमंत्री
   (b) राष्ट्रपति
   (c) वित्त मंत्री
   (c) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
80. निम्नलिखित में से कौन-से विभाग वित्त मंत्रालय के अधीन नहीं हैं?
   1. व्यय विभाग 2. आर्थिक कार्य विभाग
   3. बैंकिंग विभाग 4. राजस्व विभाग
   5. बजट विभाग
   (a) 2 और 3 (b) 3 और 4
   (c) 3 और 5 (d) 2 और 5
81. निम्नलिखित वाक्यों में भारत सरकार अधिनियम 1858 में क्या शामिल हैं?
   1. कंपनी शासन की जगह सम्राट शासन लाया जाना।
   2. कोर्ट ऑफ़ डायरेक्टर्स से ऊपर बोर्ड ऑफ़ कंट्रोल की स्थापना।
   3. खुली प्रतियोगिता प्रणाली का सुनिश्चितीकरण।
   4. गवर्नर जनरल के विधायी और कार्यकारी कार्यों का पृथक्करण।
   5. भारत के सेक्रेटरी ऑफ़ स्टेट के नए पद का सृजन।
   (a) 1, 3 और 4 (b) 1, 2 और 4
   (c) 1 और 5 (d) 1, 3 और 5
82. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषताएँ भारतीय संविधान की संघीय विशेषताएँ नहीं हैं?

1. संविधान की सर्वोच्चता
2. अखिल भारतीय सेवाएँ
3. एकल नागरिकता
4. स्वतंत्र न्यायपालिका
5. द्विसदनीय विधानसभा/संसद
6. संगठित न्यायपालिका

(a) 1, 4 और 5 (b) 1, 5 और 6
(c) 2, 3 और 6 (c) 2, 3 और 4

83. भारतीय संसदीय प्रणाली की विशेषताएँ हैं:
1. स्वतंत्र न्यायपालिका
2. कार्यपालिका की विधायिका के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी
3. लिखित संविधान
4. विधायी और वास्तविक कार्यकारियों की मौजूदगी
5. कार्यपालिका की विधायिका के प्रति व्यक्तिगत जिम्मेदारी।

(a) 2, 3 और 4 (b) 1, 2 और 4
(c) 2, 4 और 5 (d) 1, 2, 4 और 5

84. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही है?
(a) संशोधन प्रक्रिया - अनुच्छेद 268
(b) प्रधानमंत्री के कर्तव्य - अनुच्छेद 74
(c) राष्ट्रपति शासन - अनुच्छेद 365
(d) अंतर्राज्यीय परिषद - अनुच्छेद 264

85. राष्ट्रपति चुनाव प्रक्रिया में मताधिकार प्रयोग किनके द्वारा होता है?
(a) संसद और राज्य विधानमंडलों के सदस्यों द्वारा।
(b) संसद और राज्य विधानमण्डलों के चुने हुए सदस्यों द्वारा।
(c) संसद और राज्य विधानसभाओं के चुने हुए सदस्यों द्वारा।
(d) लोकसभा, राज्यसभा और राज्य विधान सभाओं के चुने हुए सदस्यों द्वारा।

86. पूर्ववर्ती योजना आयोग के पदेन सदस्य निम्न में से कौन थे?
1. गृह मंत्री 2. वित्त मंत्री
3. रक्षा मंत्री 4. मानव संसाधन मंत्री
5. योजना मंत्री 6. कृषि मंत्री

(a) 1, 2 और 5 (b) 2, 3, 5 और 6
(c) 1, 2, 4 और 5 (d) 2 और 5

87. केंद्रीय प्रशासन की नींव निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा पड़ी?
(a) चार्टर अधिनियम, 1833
(b) रेगुलेटिंग अधिनियम, 1773
(c) चार्टर अधिनियम, 1853
(d) पिट्स इंडिया अधिनियम, 1784

88. पूर्ववर्ती योजना आयोग का गठन निम्नलिखित में से किसकी अनुशंसा से हुआ था?
(a) राष्ट्रीय योजना समिति (b) गोरवाला रिपोर्ट
(c) योजना सलाहकार बोर्ड (d) संविधान सभा

***मिलान प्रतिरूप***

सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए संकेतों का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए ।

89.

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| A. | नियंत्रण बोर्ड | 1. | रेगुलेटिंग एक्ट, 1773 |
| B. | केंद्रीय प्रशासन | 2. | भारत सरकार अधिनियम, 1858 |
| C. | भारत का गवर्नर जनरल | 3. | पिट्स इंडिया एक्ट, 1784 |
| D. | भारत के सेक्रेटरी ऑफ़ स्टेट | 4. | चार्टर एक्ट, 1833 |

***कूट:***

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

90.

| | **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|---|
| A. | द्विसदनीय प्रणाली | 1. भारत सरकार अधिनियम, 1935 |
| B. | विधायी विघटन | 2. भारत परिषद अधिनियम, 1861 |
| C. | अलग निर्वाचक मण्डल | 3. मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार |
| D. | प्रांतीय स्वायत्तता | 4. भारत परिषद अधिनियम, 1892 |
| | | 5. मिंटो-मॉर्ले सुधार |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 5 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 5 | 1 |
| (d) | 5 | 4 | 3 | 1 |

91.

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. लोक नियोजन में समता | 1. अनुच्छेद 29 |
| B. अल्पसंख्यक अधिकार | 2. अनुच्छेद 21 |
| C. व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार | 3. अनुच्छेद 23 |
| D. शोषण के विरुद्ध अधिकार | 4. अनुच्छेद 16 |
| | 5. अनुच्छेद 25 |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

92.

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. स्वीकृति रोक लेना | 1. क्वालिफायड वीटो |
| B. सामान्य बहुमत से अधिकार प्राप्त | 2. पॉकेट वीटो |
| C. सहमति देने में विलंब | 3. एब्सोल्यूट वीटो |
| D. उच्च बहुमत से अधिकार प्राप्त | 4. सस्पेंसिव वीटो |
| | 5. मैजोरिटी वीटो |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 5 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 5 |
| (c) | 5 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

93.

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. तृतीय अनुसूची | 1. उच्च सदन में सीटों का बँटवारा |
| B. नवीं अनुसूची | 2. दल-बदल के आधार पर निरर्हता |
| C. चौथी अनुसूची | 3. कुछ अधिनियमों का वैधीकरण |
| D. दसवीं अनुसूची | 4. भाषायें |
| | 5. शपथ का प्रारूप |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 5 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 5 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

***कथन (A) और कारण (R) प्रतिरूप***

निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर देने के लिए उनके नीचे दिए गए संकेतों का प्रयोग कीजिए:

(a) A और R दोनों सही हैं और R, A की व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R A की व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है किंतु R गलत।
(d) A गलत है किंतु R सही।

94. ***कथन:*** भारत ने संसदीय स्वरूप की सरकार को अंगीकृत किया है।

***कारण:*** राष्ट्रपति देश का प्रमुख मात्र है जबकि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद वास्तविक कार्यकारी प्राधिकारी है।

95. ***कथन:*** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 149 में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति और उसके सेवा शर्तों से संबंधित उपबंध हैं।

***कारण:*** संवैधानिक सुरक्षा प्राप्त किए बिना वह स्वतंत्र रूप से कार्य कर नहीं सकता है।

96. ***कथन:*** राष्ट्रपति पद धारण किए अथवा धारण कर चुके व्यक्ति को दोबारा इस पद के लिए निर्वाचित नहीं किया जा सकता है।

***कारण:*** सदन के सदस्य के रूप में निर्वाचित होने की पात्रता धारण किए बिना कोई व्यक्ति राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित होने का पात्र नहीं होगा।

97. ***कथन:*** राष्ट्रपति अथवा उपराष्ट्रपति पद के निर्वाचन से जुड़े या उत्पन्न सभी शंकाओं और विवादों का समाधान उच्चतम न्यायालय द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम होगा।

***कारण:*** संसद, राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति पद के निर्वाचन से संबंधित किसी मामले को कानूनन विनियमित कर सकती है।

98. ***कथन:*** प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक मंत्रिपरिषद होगी जो राष्ट्रपति को कार्यों के निर्वहन में सलाह और सहायता प्रदान करेगी तथा राष्ट्रपति इसकी सलाह के अनुसार कार्य करेगा।

***कारण:*** राष्ट्रपति को मंत्रियों द्वारा दी गई सलाह की जांच किसी न्यायालय में नहीं की जा सकेगी।

99. नई अखिल भारतीय सेवा का गठन निम्नलिखित में से किसके द्वारा हो सकता है?
(a) राज्य सभा के प्रस्ताव द्वारा
(b) संसदीय अधिनियम द्वारा
(c) राष्ट्रपति के आदेश द्वारा
(d) यू.पी.एस.सी के संकल्प द्वारा

100. केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण निम्नलिखित में से कौन-से कार्य देखता हैं ?
(a) भर्ती संबंधी मामले (b) पदोन्नति के मामले
(c) अनुशासनिक मामले (d) भर्ती और सेवा संबंधी सभी मामले

101. संयुक्त लोक सेवा आयोग की नियुक्ति निम्नलिखित में से किसके द्वारा की जा सकती है?
(a) भारत के राष्ट्रपति (b) भारतीय संसद
(c) संघ लोक सेवा आयोग (d) राज्य के राज्यपाल

102. संघ लोक सेवा आयोग की उत्पत्ति से संबंधित अधिनियम निम्नलिखित में से कौन-सा है ?
(a) 1909 का अधिनियम (b) 1919 का अधिनियम
(c) 1930 का अधिनियम (d) 1947 का अधिनियम

103. संघ लोक सेवा आयोग के कार्यों का विस्तार किसके द्वारा किया जा सकता है?
(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री
(c) कार्मिक मंत्रालय (d) संसद

104. संघ लोक सेवा आयोग को निम्नलिखित में से किस स्रोत से कार्यशक्तियाँ प्राप्त होती हैं ?
1. संविधान 2. संसदीय कानून
3. कार्यकारी नियम और आदेश 4. परंपराएँ
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 1 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

105. निम्न में से किसके द्वारा किसी स्थानीय प्राधिकार, निगमित निकाय या लोक संस्थान के कार्मिक तंत्र को संघ लोक सेवा आयोग के कार्य क्षेत्र में रखा जा सकता है?
(a) राष्ट्रपति (b) केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय
(c) संसद (d) उच्चतम न्यायालय

106. संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल होता है:
(a) तीन वर्ष (b) चार वर्ष
(c) पाँच वर्ष (d) छह वर्ष

107. "अखिल भारतीय सेवाओं का जनक" निम्न में से किसे माना जाता है ?
(a) लॉर्ड मैकाले (b) लॉर्ड कार्नवालिस
(c) बी.आर. अंबेडकर (d) सरदार पटेल

108. संयुक्त लोक सेवा आयोग का गठन किसके द्वारा किया जा सकता है?
(a) राष्ट्रपति के आदेश द्वारा
(b) राज्यसभा द्वारा पारित प्रस्ताव द्वारा
(c) संसद के अधिनियम द्वारा
(d) संबंधित राज्यों के विधानमंडल के प्रस्ताव द्वारा

109. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही है?
1. संविधान द्वारा संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों की संख्या निर्धारित नहीं है।
2. संघ लोक सेवा आयोग की कुल संख्या के आधे सदस्यों को केंद्र सरकार या राज्य सरकार के अधीन 5 वर्ष की सेवा का अनुभव होना चाहिए।
3. संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्य अपने पद पर पाँच वर्ष तक या 60 वर्ष की आयु पूरी होने तक बने रह सकते हैं।
4. संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों के वेतन एवं भत्तों का निर्धारण संसद द्वारा किया जाता है।
5. संघ लोक सेवा आयोग के सभी खर्चों का प्रबंध भारत की संचित निधि से किया जाता है।
(a) 2, 4 और 5 (b) 1 और 5
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 4 और 5

110. लोक सेवा आयोगों के सदस्यों द्वारा आयोग का सदस्य न रहने की स्थिति में किसी पद को ग्रहण करने संबंधी

प्रतिबंध के संदर्भ में निम्न में से कौन-से कथन सही हैं?

1. संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष केंद्र अथवा राज्य सरकार के अधीन कोई पद ग्रहण करने का पात्र नहीं होगा।
2. राज्य लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष सदस्य अथवा किसी दूसरे लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त हो सकेगा, किंतु भारत सरकार या राज्य सरकार में नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।
3. संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को छोड़कर उसका कोई भी सदस्य यू.पी.एस.सी. के अध्यक्ष या राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति का पात्र होगा किंतु भारत सरकार या राज्य सरकार के अधीन नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।
4. राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को छोड़कर उसका कोई भी सदस्य संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष या सदस्य या किसी लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त हो सकता है। किंतु भारत सरकार या राज्य सरकार के अधीन नियुक्ति नहीं पा सकता है।

(a) केवल 1 (b) 2 और 4
(c) 1 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

111. केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. यह एक संवैधानिक निकाय है।
2. इसके सदस्य प्रशासनिक पृष्ठभूमि के ही होते हैं।
3. यह अधिकरण सिविल प्रक्रिया संहिता में निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करने के लिए बाध्य नहीं है।
4. इसके अधिकार क्षेत्र में अखिल भारतीय सेवाओं, केंद्रीय सेवाओं और केंद्र सरकार के पद हैं।
5. इसकी स्थापना वर्ष 1985 में हुई थी।

(a) 2, 3 और 5 (b) 1और 4
(c) 1, 3, 4 और 5 (d) 2 और 3

***कथन (A) और कारण (R) प्रतिरूप***

निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर नीचे दिए गए संकेतों का प्रयोग कर दीजिए :

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है किंतु R गलत है।
(d) A गलत है किंतु R सही है।

112. ***कथन:*** अखिल भारतीय सेवाएँ राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने में सहायक हैं।
***कारण:*** इसके सदस्यों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा होती है।

113. ***कथन:*** संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है।
***कारण:*** संघ लोक सेवाअ आयोग एक संवैधानिक निकाय हैं।

114. ***कथन:*** राजामन्नार समिति ने आई.ए.एस. और आई.पी.एस. के उन्मूलन की सिफारिश की थी।
***कारण:*** आई.ए. एस और आई.पी.एस. संघवाद के सिद्धांत और राज्य स्तर पर अनुसचिवीय जिम्मेदारी का उल्लंघन करते हैं।

115. ***कथन:*** संघ लोक सेवा आयोग ग्रुप-ए और ग्रुप-बी सेवा के लिए भर्ती करता है।
***कारण:*** कर्मचारी चयन आयोग ग्रुप-सी पदों पर भर्तियाँ करता है।

116. ***कथन:*** अखिल भारतीय सेवा के सदस्य राज्यों में राजनीतिक कार्यपालकों को निष्पक्ष और स्वतंत्र सलाह दे सकते हैं।
***कारण:*** इस सेवा के सदस्यों को सेवा की सुरक्षा संबंधी संवैधानिक संरक्षण प्राप्त होता है।

117. ***कथन:*** संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों के वेतन और भत्ते का प्रबंध भारत की संचित निधि से होता है।
***कारण:*** संविधान के उपबंधों के अनुसार राष्ट्रपति द्वारा आयोग पर अतिरिक्त कार्यभार डाला जा सकता है।

118. ***कथन:*** संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों का वेतन उनके कार्यकाल के दौरान कम कर उन्हें लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता है।
***कारण:*** लोक सेवा आयोग की स्वतंत्रता बनाए रखनी होती हैं।

119. ***कथन:*** संविधान में संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों की संख्या निर्धारित नहीं है।

***कारण:*** संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

***मिलान प्रतिरूप***

सूची-I का मिलान सूची-II से करें तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर चुनें।

**120.**

| **सूची-I (उपबंध)** | **सूची-II (संबंधित अनुच्छेद)** |
|---|---|
| A. केंद्र या राज्य में कार्यरत व्यक्ति का कार्यकाल | 1. अनुच्छेद 315 |
| B. केंद्र और राज्यों के लिए लोक सेवा आयोग | 2. अनुच्छेद 310 |
| C. केन्द्र या राज्य में सेवारत व्यक्तियों की भर्ती और सेवाशर्तें | 3. अनुच्छेद 312 |
| D. केंद्र या राज्य में तैनात सिविल कर्मचारियों की पदच्युति | 4. अनुच्छेद 309 |
| | 5. अनुच्छेद 311 |

***कूट:***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 5 | 2 |
| (b) | 4 | 5 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 5 |
| (d) | 2 | 1 | 5 | 4 |

121. राज्य के राज्यपाल से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
1. राज्य की कार्यकारी शक्ति राज्यपाल को प्राप्त होती है।
2. उसे 35 वर्ष की आयु से कम आयु का नहीं होना चाहिए।
3. वह राष्ट्रपति की सहमति से ही पद पर बना रह सकता है।
4. राज्यपाल को पदच्युत करने के आधार का उल्लेख संविधान में किया गया है।

(a) 1, 2 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

122. पंचायती राज संस्थाओं से संबंधित अशोक मेहता समिति की सिफारिशें निम्नलिखित में से कौन-सी हैं?
1. दो स्तरीय प्रणाली का सृजन
2. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए सीटों का आरक्षण
3. पंचायती राज संस्थाओं को कराधान की अनिवार्य शक्ति
4. पंचायती राज की गतिविधियों में राजनीतिक दलों की खुली भागीदारी
5. अधिक्रमण होने पर एक वर्ष की अवधि के अंदर चुनाव कराए जाने चाहिए

(a) 1, 3 और 4 (b) 1, 2, 4 और 5
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) 1, 3, 4 और 5

123. जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति कौन करता है?
(a) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(b) राज्य लोक सेवा आयोग
(c) राज्य का मुख्यमंत्री
(d) राज्य का राज्यपाल

124. राज्य विधानसभा में धन विधेयक केवल किसकी अनुशंसा से प्रस्तुत किया जा सकता है?
(a) अध्यक्ष (b) वित्त मंत्री
(c) मुख्यमंत्री (d) राज्यपाल

125. बलवंत राय मेहता समिति के अनुसार जिलाधीश को:
(a) जिला परिषद से अलग रखना चाहिए।
(b) जिला परिषद का मताधिकार न रखने वाला सदस्य होना चाहिए।
(c) जिला परिषद का मतदान के अधिकार से युक्त सदस्य होना चाहिए।
(d) जिला परिषद का अध्यक्ष होना चाहिए।

126. बलवंत राय मेहता समिति का संबंध निम्न में किससे है?
(a) प्रजातांत्रिक – विकेंद्रीकरण से।
(b) पंचायती – राज संस्थाओं से।
(c) ग्रामीण विकास की – प्रशासनिक व्यवस्थाओं से।
(d) सामुदायिक विकास कार्यक्रम से।

127. स्थानीय ग्रामीण शासन के रूप में पंचायती राज प्रणाली सर्वप्रथम किन राज्यों में अपनाई गई थी (क्रमानुसार)?
(a) राजस्थान और मध्य प्रदेश

(b) आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल
(c) राजस्थान और आंध्र प्रदेश
(d) आंध्र प्रदेश और राजस्थान

128. जिला और सत्र–दोनों न्यायाधीश निम्नलिखित में से किसके नियंत्रण में काम करते हैं?
(a) जिलाधीश
(b) राज्य के राज्यपाल
(c) राज्य के विधि मंत्री
(d) राज्य के उच्च न्यायालय

129. निम्नलिखित में से कौन–सी समिति पंचायती राज संस्थाओं के बारे में है?
(a) बलवंत राय मेहता समिति
(b) जी. वी.के. राव समिति
(c) एल.एम. सिंघवी समिति
(d) अशोक मेहता समिति

130. "राज्य ग्राम पंचायतों को संगठित करने की दिशा में कदम उठाएँगे तथा उन्हें स्वशासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने के लिए आवश्यक शक्तियाँ सौंपेगे।" इस उपबंध का उल्लेख संविधान के किस भाग में है?
(a) भाग–I (b) भाग–IV-क
(c) भाग–III (d) भाग–IV

131. किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन निम्नलिखित में से किस प्रावधान के अनुसार लगाया जा सकता है?
1. अनुच्छेद 356 2. अनुच्छेद 360
3. अनुच्छेद 352 4. अनुच्छेद 365
(a) केवल 1 (b) 1 और 3
(c) 1 और 4 (d) 1 और 2

132. निम्नलिखित में से किसी संविधान (संशोधन) अधिनियम में एक ही व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों का राज्यपाल बनाने संबंधी प्रावधान किया गया है?
(a) चौथा संशोधन में
(b) सातवां संशोधन में
(c) ग्यारहवां संशोधन में
(d) चौबीसवां संशोधन में

133. अनुच्छेद 154 में उल्लेख है कि राज्यपाल अपने कार्यकारी अधिकारों का प्रयोग सीधे अथवा अपने अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम से कर सकता है। यहाँ 'अधीनस्थ' शब्द में कौन शामिल हैं?
(a) सभी मंत्री और मुख्यमंत्री
(b) मुख्यमंत्री को छोड़कर सभी मंत्री
(c) केवल मुख्यमंत्री और उप–मुख्यमंत्री
(d) केवल कैबिनेट मंत्री

134. राज्य में संवैधानिक आपातकाल घोषित होने की स्थिति में राष्ट्रपतिः
1. राज्य सरकार और उच्च न्यायालय के सभी कार्यों की जिम्मेदारी स्वयं ले सकता है।
2. घोषणा कर सकता है कि राज्य विधानमंडल की शक्तियाँ राज्यपाल के अधिकार में रहेंगी।
3. उच्च न्यायालय को छोड़कर राज्य सरकार के सभी कार्यों, की जिम्मेदारी स्वयं ले सकता है।
4. घोषणा कर सकता है कि राज्य विधानमंडल की शक्तियाँ संसद के अधिकार में रहेंगी।

उपरोक्त में से कौन–से कथन सही हैं ?
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 1 और 4

135. राज्यपाल की अध्यादेश जारी करने संबंधी शक्तियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है?
1. इन शक्तियों का उल्लेख अनुच्छेद 213 में है।
2. राज्यपाल, राष्ट्रपति या राज्य मंत्रिपरिषद की सलाह से ही अध्यादेश जारी कर सकता है।
3. यह राज्य विधानसभा की विधायी शक्तियों के साथ सहयोजित है।
4. अध्यादेश केवल राज्य विधानसभा के अवसान के समय ही जारी किया जा सकता है न कि राज्य विधान परिषद के अवसान के समय।
5. राज्यपाल द्वारा जारी अध्यादेश को कभी वापस नहीं किया जा सकता है।

(a) 2, 3 और 4 (b) 1, 3 और 5
(c) 1, 2 और 3 (d) 2, 4 और 5

136. पंचायती राज प्रणाली निम्नलिखित में से किस विषय से संबद्ध है?
(a) स्थानीय शासन
(b) स्थानीय प्रशासन

(c) स्थानीय स्व-शासन
(d) ग्रामीण स्थानीय स्वशासन

137. छावनी बोर्ड के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
1. नगरपालिका प्रशासन की यह प्रणाली हमारे देश में ब्रिटिश विरासत है।
2. इनकी स्थापना रक्षा मंत्रालय द्वारा पारित प्रस्ताव के आधार पर की गई है।
3. इन पर रक्षा मंत्रालय का सीधा प्रशासनिक नियंत्रण है।
4. इनमें केवल चुने हुए सदस्य ही होते हैं।
5. बोर्ड के कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा की जाती है।
(a) 1, 3 और 5 (b) 2, 3 और 4
(c) 1 और 3 (d) 3, 4, और 5

138. नगरपालिकाओं से संबंधित 74वें (संशोधन)अधिनियम की निम्न में से कौन-सी विशिष्टताएँ हैं?
1. अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के लिए स्थानों (सीटों) का आरक्षण नगरपालिका क्षेत्र में (कुल आबादी में) इनकी आबादी के अनुपात में होना।
2. चुनाव अनिवार्य रूप से प्रत्येक 5 वर्ष की अवधि पर होंगे।
3. लेखा के रख-रखाव तथा लेखा परीक्षा संबंधी प्रक्रिया का निर्धारण राज्य के राज्यपाल द्वारा किया जाना।
4. छोटे शहरी क्षेत्र के लिए नगर पंचायतों का गठन।
5. कुल सीटों में से एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रखना।
(a) 1, 2 और 4 (b) 2, 3 और 5
(c) 3, 4 और 5 (d) 1 और 2

***कथन (A) और कारण (R) प्रतिरूप***

निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर नीचे दिए गए संकेतों का प्रयोग कर दीजिए :
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है किंतु R गलत है।
(d) A गलत है किंतु R सही है।

139. ***कथन:*** संविधान के अंतर्गत राज्य का मुख्यमंत्री, राज्यपाल के प्रसादपर्यन्त पद धारण करता है।
***कारण:*** मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है।

140. ***कथन:*** 1882 के लार्ड रिपन के प्रस्ताव को स्थानीय शासन का मैग्नाकार्टा कहा जाता है
***कारण:*** लार्ड रिपन को स्थानीय शासन का पिता कहा जाता है।

141. ***कथन:*** 73वें संविधान संशोधन अधिनियम ने ग्राम सभा को संवैधानिक दर्जा दिया है।
***कारण:*** ग्रामसभा की स्थापना का प्रस्ताव बलवंत राय मेहता समिति ने दिया था।

142. ***कथन:*** राज्य का राज्यपाल नाममात्र का कार्यकारी प्रमुख होता है।
***कारण:*** संविधान के तहत राज्यों में संसदीय प्रणाली की सरकार का प्रावधान किया गया है।

143. ***कथन:*** ऐसे किसी व्यक्ति को राज्यपाल के रूप में नियुक्ति का पात्र नहीं माना जाएगा जो भारत का नागरिक न हो और जिसने 30 वर्ष की आयु पूरी न की हो।
***कारण:*** राज्यपाल अपने पद के अतिरिक्त लाभ का कोई पद धारण नहीं करेगा।

144. ***कथन:*** राज्यपाल, राष्ट्रपति की सहमति से ही पद पर बना रह सकता है।
***कारण:*** राज्य का राज्यपाल भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाएगा।

145. ***कथन:*** राज्यपाल की परिलब्धियों और भत्तों में उसके कार्यकाल के दौरान कमी नहीं की जाएगी।
***कारण:*** जहाँ किसी व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त किया जाता है, वहाँ राज्यपाल को देय परिलब्धियों और भत्तों का भुगतान संबद्ध राज्यों द्वारा राष्ट्रपति के आदेश द्वारा निर्धारित अनुपात में किया जाएगा।

146. ***कथन:*** राज्यपाल के कार्यों में सहायता और सलाह प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद होगी, परंतु यह सहायता और सलाह राज्यपाल के उस कार्य या

कार्यों के लिए नहीं होगी जो सांविधानिक प्रावधान के अनुसार उसके विवेकाधीन हैं।

***कारणः*** मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाएगी तथा अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राज्यपाल मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल करेगा।

***मिलान प्रतिरूप***

सूची–I का मिलान सूची–II से करें तथा दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन करें।

147. **सूची–I** — **सूची–II**

A. राज्यपाल — 1. अनुच्छेद 167
B. मंत्रिपरिषद — 2. अनुच्छेद 169
C. मुख्यमंत्री के कार्य — 3. अनुच्छेद 155
D. विधान परिषद — 4. अनुच्छेद 163

***कूटः***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

148. **सूची–I** — **सूची–II**

A. वैचारिक संगठन — 1. आयुक्त
B. औपचारिक प्रमुख — 2. स्थायी समिति
C. प्रबंधन — 3. मेयर
D. कार्यकारी निकाय — 4 परिषद

***कूटः***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

149. **सूची–I (राज्य)** — **सूची–II (राज्यपाल की विशेष जिम्मेदारियाँ)**

A. मध्य प्रदेश — 1. कानून और व्यवस्था
B. गुजरात — 2. जनजातीय क्षेत्र का प्रशासन
C. नागालैंड — 3. पिछड़े क्षेत्र का विकास
D. असम — 4. जनजातीय कल्याण मंत्री
5. हिल एरियाज कमेटी वर्किंग

***कूटः***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 5 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 5 | 3 | 2 | 4 |

150. **सूची–I** — **सूची–II**

A. अनुच्छेद 156 — 1. राज्यपाल का कार्यकारी अधिकार
B. अनुच्छेद 154 — 2. राज्यपाल का कार्यकाल
C. अनुच्छेद 153 — 3. राज्यपाल की नियुक्ति
D. अनुच्छेद 155 — 4. राज्यपाल का पद/कार्यालय
5. राज्यपाल की विवेकाधीन शक्तियां

***कूटः***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 5 | 1 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 5 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

151. **सूची–I (समितियां)** — **सूची–II (गठन का प्रायोजन)**

A. जी.वी.के.राव समिति — 1. पंचायती राज संस्थाएँ
B. बलवंत राय मेहता समिति — 2. प्रजातंत्र और परिवर्तन के लिए पंचायती राज संस्थाओं का सुदृढ़ीकरण
C. एल.एम.सिंघवी समिति — 3. ग्रामीण विकास और गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के लिए विद्यमान प्रशासनिक व्यवस्थायें
D. अशोक मेहता समिति — 4. समुदाय विकास कार्यक्रम और राष्ट्रीय विस्तार सेवा
5. पंचायती राज चुनाव

*कूटः*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

152. राज्य के राज्यपाल कोः

1. राष्ट्रपति के समान ही कार्यकारी, विधायी और न्यायिक शक्तियाँ प्राप्त होती हैं।
2. उसे सदैव मंत्रिपरिषद की सलाह और सहायता से कार्य करना होता है।
3. उसे राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों को नियुक्त और पदच्युत करने की शक्ति प्राप्त होती है।
4. विभिन्न मंत्रियों में सरकारी कार्य के बँटवारे का अधिकार प्राप्त होता है।

उपर्युक्त में से सही कथन हैंः

(a) 1 और 2 (b) 2, 3 और 4
(c) 1 और 4 (d) 1, 3 और 4

153. संविधान के अनुसार राज्य मंत्रिपरिषद राज्यपाल के प्रसारपर्यंत ही बनी रह सकती है। 'राज्यपाल के प्रसादपर्यंत' शब्दों का वास्तविक अर्थ हैः

(a) राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत
(b) प्रधानमंत्री के प्रसादपर्यंत
(c) मुख्यमंत्री के प्रसादपर्यंत
(d) विधानसभा के प्रसादपर्यंत

154. राष्ट्रीय विकास परिषद का मुख्य उद्देश्य निम्न में से क्या है?

(a) सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समान आर्थिक नीतियों को प्रोत्साहित करना।
(b) योजना लागू करने में राष्ट्र के तमाम प्रयासों और संसाधनों को सुदृढ़ करना और जुटाना।
(c) देश के तमाम भागों के लिए संतुलित एवं त्वरित विकास सुनिश्चित करना।
(d) योजना लागू करने में सभी राज्यों का सहयोग प्राप्त करना।

155. भारतीय संसद की अवनति के लिए निम्न में से कौन से कारण उत्तरदायी हैं?

1. प्रत्यायोजित विधान बढ़ोतरी।
2. संसद में उपस्थिति के स्तर में कमी।
3. अध्यादेशों का अक्सर जारी होना।
4. संविधान में बार बार होने वाले संशोधन।
5. संसदीय आचरण एवं सदाचार को धक्का।

(a) 1,2,3 और 5 (b) 1,3,4 और 5
(c) 2,3, और 4 (d) 1,3 और 5

156. मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) शब्द का उल्लेख संविधान के निम्न में से किस अनुच्छेद में किया गया है?

(a) अनुच्छेद 74
(b) अनुच्छेद 75
(c) अनुच्छेद 352
(d) संविधान में इसका उल्लेख ही नहीं है।

157. पूर्ववर्ती योजना आयोग के संबंध में निम्न में से कौन-से कथन सही नहीं हैं?

1. इसका गठन 15 मार्च, 1950 को हुआ था।
2. यह नीति आयोग के अंतर्गत नहीं आता।
3. यह केंद्र सरकार, राष्ट्रीय विकास परिषद और राज्य सरकारों के बीच एक प्रकार के सेतु का काम करता था।
4. यह एक कॉलजेएिट संस्था थी।

(a) 2, 3 और 4 (b) 1,2 और 3
(c) 1 और 4 (d) 2 और 4

158. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के संबंध में निम्न में से कौन से कथन सही हैं?

1. वह केवल संसद के प्रति उत्तरदायी होता है।
2. वह किसी कर की निवल प्राप्तियों को प्रमाणित करता है।
3. वह राज्य सरकारों के लेखाओं का संकलन और अनुरक्षण करता है।
4. भारत की संचित निधि ने धन की निकासी पर उसका नियंत्रण होता है।

(a) 2 और 4 (b) 1, 3 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 2, 3 और 4

159. निंदा प्रस्ताव और अविश्वास प्रस्ताव में अंतर के बारे में निम्न में से कौन से कथन सही हैं?

1. निंदा प्रस्ताव को स्वीकार किए जाने के लिए कारण स्पष्ट किए जाने चाहिए जबकि अविश्वास प्रस्ताव के लिए यह आवश्यक नहीं।

2. अविश्वास प्रस्ताव केवल मंत्रिपरिषद के विरुद्ध रखा जा सकता है जबकि निंदा प्रस्ताव मंत्रिपरिषद के विरुद्ध या किसी एक मंत्री या कई मंत्रियों के विरुद्ध पेश किया जा सकता है।
3. अविश्वास प्रस्ताव पारित होने पर सरकार के लिए त्यागपत्र देना अनिवार्य है परंतु निंदा प्रस्ताव के पारित होने पर यह आवश्यक नहीं।
4. निंदा प्रस्ताव दोनों सदनों, अर्थात लोक सभा और राज्य सभा में रखा जा सकता है जबकि अविश्वास प्रस्ताव केवल लोक सभा में।

(a) 1, 3 और 4 (b) 2, 3 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2 और 3

160. अधिकांश राज्यों में लोकायुक्त की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा निम्न में से किसकी सलाह पर की जाती है?
1. भारत के राष्ट्रपति
2. विधानसभा के अध्यक्ष
3. विधानसभा के विपक्ष के नेता
4. राज्य उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
5. विधान परिषद में विपक्ष के नेता

(a) 1, 4 और 5 (b) 1, 2 और 4
(c) 3 और 4 (d) 3, 4 और 5

161. संसद में पहला लोकपाल विधेयक कब रखा गया था?
(a) 1971 (b) 1967
(c) 1968 (d) 1972

162. केंद्रीय सतर्कता आयोग की स्थापना हुई:
(a) संवैधानिक उपबंध से
(b) संसद के अधिनियम से
(c) संथानम समिति के संकल्प से
(d) कार्यकारी संकल्प से

163. प्राक्कलन समिति के कार्यों में क्या-क्या आता है?
1. प्रशासन में कार्यकुशलता और मितव्ययता लाने के लिए वैकल्पिक नीतियां सुझाना।
2. यह देखना कि खर्च, उसको नियंत्रित करने वाले प्राधिकार से मेल खाते हैं।
3. यह जांच करना कि धन ठीक से उन सीमाओं के अंतर्गत हैं जो आकलनों में निर्धारित हैं।
4. उस रूप को सुझाना जिसमें आकलनों को संसद में प्रस्तुत किया जाएगा।

उपर्युक्त में सही कथन कौन से हैं?
(a) 1 और 2 (b) 1, 3 और 4
(c) 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

164. बलवंत राय मेहता समिति की सिफारिशों में निम्न में से क्या शामिल हैं?
1. पंचायती राज के मामलों में राजनीतिक दलों की खुली भागीदारी।
2. पंचायती राज संस्था को सत्ता और उत्तरदायित्व का वास्तविक हस्तांतरण।
3. पंचायती राज को सांविधानिक सुरक्षा।
4. जिला परिषद का अध्यक्ष जिलाधीश/जिलाधिकारी/कलेक्टर होना चाहिए।
5. पंचायत समिति कार्यपालक निकाय होगा।

(a) 1, 2, और 5 (b) 2, 4 और 5
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 3 और 4

165. निम्न में से कौन-सा कथन गलत है?
(a) स्थगन का अर्थ है-सभा के सामान्य कामकाज में व्यवधान।
(b) सत्रावसान का अर्थ है-सभा की समाप्ति।
(c) विघटन करने का अर्थ है-सभा का अंत।
(d) सत्रावसान का अर्थ है-सभा के सत्र का अंत

166. पंचायती राज संबंधी 73वें संशोधन के अनिवार्य उपबंध निम्न में से कौन से हैं?
1. मध्य और जिला स्तर पर पंचायत सभापतियों के अप्रत्यक्ष चुनाव।
2. विघटन होने की स्थिति में छह महीने के भीतर नए चुनाव।
3. पिछड़े कार्यों के लिए सीटों के आरक्षण का उपबंध।
4. पंचायतों में सांसदों और विधायकों को प्रतिनिधित्व देना।

(a) 1, 3 और 4 (b) 2 और 4
(c) 1 और 2 (d) 2, 3 और 4

167. नगर निगमों से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए:
1. राज्यों में उनकी स्थापना संबंधित राज्य की विधानसभा के अधिनियम द्वारा की जाती है।
2. केंद्र शासित क्षेत्रों में उनकी स्थापना मुख्य प्रशासक के आदेश से होती है।

3. ये राज्य सरकारों के सीधे नियंत्रण और निरीक्षण में काम करते हैं।
4. उनके विमर्शी कार्य कार्यपालक कार्यों से अलग होते हैं।

उपर्युक्त में से सही कथन कौन से हैं?

(a) 1 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

168. छावनी बोर्डों के बारे में निम्न में से कौन बात सही नहीं है?

(a) इसका गठन कार्यकारी संकल्प द्वारा किया जाता है।
(b) यह रक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करता है।
(c) इसकी स्थापना छावनी क्षेत्र में सिविल जनसंख्या के लिए नगर पालिका प्रशासन के लिए की जाती है।
(d) यह एक सांविधिक निकाय है।

169. अखिल भारतीय सेवाओं से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

1. इन सेवाओं के निर्माण की प्रक्रिया को संविधान के 312वें अनुच्छेद में स्पष्ट किया गया है।
2. अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1950 में पारित किया गया था।
3. भारतीय वन सेवा का प्रबंधन वन एवं पर्यावरण मंत्रालय करता है।
4. राज्य सभा, किसी नई अखिल भारतीय सेवा को जन्म दे सकती है।

उपर्युक्त में से कौन से कथन सही नही हैं?

(a) 2 और 4 (b) 1 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 2 और 3

170. निम्न में से किन स्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग राज्य की आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकता है?

1. राष्ट्रपति के अनुरोध पर।
2. राज्यपाल के अनुरोध पर।
3. संसद की स्वीकृति के साथ।
4. राष्ट्रपति की स्वीकृति के साथ
5. संबंधित राज्य विधान सभा की स्वीकृति के साथ।

(a) 1 और 3 (b) 2 और 5
(c) 2 और 4 (d) 1 और 5

***कथन (A) और कारण (R) प्रतिरूप***

निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर दीजिए :

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है किंतु R गलत है।
(d) A गलत है किंतु R सही है।

171. ***कथन (A):*** केंद्र स्तर के मंत्री को प्रधानमंत्री द्वारा निकाला जा सकता है।

***कारण (R):*** मंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा केवल प्रधानमंत्री की सलाह पर की जाती है।

172. ***कथन (A):*** भारत की संघीय व्यवस्था में वित्त आयोग केंद्र और राज्यों के बीच वित्तीय संतुलन बनाए रखने में सहायक होता है।

***कारण (R):*** भारत का संविधान केंद्र सरकार को अधिक वित्तीय शक्तियां देता है।

173. ***कथन (A):*** कैग का दायित्व खर्चे की केवल वैधानिकता को नहीं बल्कि उसकी उपयुक्तता को भी सुनिश्चित करना है।

***कारण (R):*** वित्तीय प्रशासन के मामले में उसका काम संविधान और संसद के नियमों की रक्षा करना है।

174. ***कथन (A):*** संघ लोक सेवा आयोग भारत में केंद्रीय भर्ती अधिकरण है।

***कारण (R):*** यह एक स्वतंत्र सांविधानिक संस्था है।

175. ***कथन (A):*** राज्यपाल राज्य प्रशासन का विधित प्रमुख है।

***कारण (R):*** राज्य प्रशासन का वास्तविक प्रमुख मुख्यमंत्री है।

176. ***कथन (A):*** राज्यसभा अनुदान मांगों पर मतदान करने का अधिकार नहीं रखती।

***कारण (R):*** राज्यसभा में कराधान संबंधी धन विधेयक या वित्त विधेयक नहीं रखा जा सकता है।

***मिलान प्रतिरूप***

सूची–I को सूची–II से मिलाइए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके उत्तर दीजिए:

177. **सूची-I (रिटों के अर्थ)** — **सूची-II (रिटों के नाम)**

A. एक आदेश है जो न्यायालय द्वारा किसी लोक अधिकारी को उसके कार्यभार पूरा करने के लिए दिया जाता है। — 1. निषेधादेश (Injunction)

B. यह उच्च न्यायालय द्वारा अधीनस्थ न्यायालय को तब दिया जाता है जब वो अपने अधिकार से बाहर जाता है। — 2. परमादेश (Mandamus)

C. न्यायालयों द्वारा यह सार्वजनिक पद किसी व्यक्ति के दावे की वैधानिकता की जांच करने के लिए जारी किया जाता है। — 3. उत्प्रेषण लेख (Certiorari)

D. यह न्यायालय द्वारा किसी व्यक्ति को कोई काम करने या न करने के लिए जारी किया जाता है। — 4. निषेधाज्ञा (Prohibition)

5. अधिकार पृच्छा (Quo-war ranto)

*कूट:*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 5 | 1 |
| (b) | 5 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 5 | 1 |
| (d) | 5 | 5 | 2 | 3 |

178. **सूची-I (समिति)** — **सूची-II (कार्य)**

A. लोक लेखा समिति — 1. इस बात की जांच करना कि सदन के पटल पर एक मंत्री द्वारा किया गया वायदा पूरा किया गया है या नहीं

B. अधीनस्थ विधान पर संबंधी समिति — 2. कैग की रिपोर्ट की उपयुक्तता की जांच करना एवं यह देखना कि संसद ने जिस कोष के लिये मतदान स्वीकृत किया था उसका उपयोग हुआ या नहीं

C. सार्वजनिक उपक्रमों संबंधी समिति — 3. यह देखना कि संसद द्वारा बनाये गये विधानों को कार्यपालिका उचित तरीके से क्रियान्वित करती है या नहीं

D. सरकारी आश्वसानों संबंधी समिति — 4. इस बात की जांच करना कि सार्वजनिक उपक्रमों से संबंधित नियमों का पालन हो रहा है या नहीं तथा उनके बारे में जो रिपोर्ट दी गयी है, वह उचित है या नहीं

*कूट:*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

179. **सूची-I** — **सूची-II**

A. सांकेतिक अनुदान — 1. यह किसी उस अप्रत्याशित मांग को पूरा करने के लिए स्वीकार किया जाता है जिसके विवरण को बताया नहीं जा सकता।

B. अपवादानुदान — 2. इस पर लोकसभा द्वारा मतदान वित्तवर्ष के अंत से पहले किया जाता है।

C. मतानुदान — 3. लोक सभा द्वारा इस पर मतदान वित्त वर्ष के अंत के बाद किया जाता है।

D. अतिरेक अनुदान — 4. यह किसी भी वित्तवर्ष की वर्तमान सेवा का अंग नही होता।

5. यह तब स्वीकार किया जाता है जब किसी नई सेवा पर प्रस्तावित व्यय की पूर्ति के लिए धन पुनर्विनियोग द्वारा

उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 5 | 2 |
| (b) | 5 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 5 | 3 | 1 | 4 |

180. **सूची-I (संविधान की अनुसूची)** — **सूची-II (उपबंध)**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. छठी अनुसूची | 1. अनुसूचित क्षेत्रों एवं अनुसूचित जनजातियों का प्रशासन और नियंत्रण |
| B. दूसरी अनुसूची | 2. असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के राज्यों के जनजाति क्षेत्रों का प्रशासन |
| C. बारहवीं अनुसूची | 3. राज्य विधानसभाओं के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के बारे में उपबंध |
| D. पांचवीं अनुसूची | 4. नगर पालिकाओं की शक्तियां, उनके प्राधिकार और उत्तरदायित्व। |
| | 5. पंचायतों की शक्तियां, उनके प्राधिकार और उत्तरदायित्व |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 5 | 3 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 5 | 1 |

181. **सूची-I** — **सूची-II**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. कर जो केंद्र द्वारा लगाए जाते पर राज्यों द्वारा एकत्र और विनियोजित किए जाते हैं। | 1. करों और शुल्कों पर अधिभार |
| B. जो कर केंद्र द्वारा लगाए और एकत्र किए जाते हैं पर राज्यों को सौंप दिए जाते हैं। | 2. सेवाओं पर कर |
| C. जो कर केंद्र द्वारा लगाए और राज्यों एवं केन्द्र द्वारा संग्रहित एवं विनियोजित किए जाते हैं। | 3. विनिमय पत्रों पर स्टाम्प शुल्क |
| D. संघ के प्रयोजनों के लिए कर और शुल्क | 4. आयकर पर अधिभार |
| | 5. अंतर्राज्यीय व्यापार या वाणिज्य के दौरान वस्तुओं को भेजने पर कर। |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 5 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 5 | 2 |
| (d) | 3 | 5 | 2 | 1 |

182. निम्न में से किसका मेल सही नहीं है?
(a) अनुच्छेद 153 – राज्यपाल का कार्यलय
(b) अनुच्छेद 156 – राज्यपाल की पदावधि
(c) अनुच्छेद 154 – राज्यपाल का कार्यकारी प्राधिकार
(d) अनुच्छेद 155 – राज्यपाल को हटाना

183. राज्यपाल की सबसे महत्वपूर्ण विधायी शक्ति निम्न में से कौन सी है?
(a) राज्य विधान मंडल में सदस्यों को नामित करना।
(b) अध्यादेश जारी करना।
(c) राज्य विधान मंडल द्वारा पारित विधेयकों पर स्वीकृति देना।
(d) राज्य विधान सभा विघटित करना।

184. **कथन (A):** राज्यपाल और मंत्रिपरिषद के बीच मुख्यमंत्री संचार का माध्यम है।
**कारण (R):** मुख्यमंत्री राज्य मंत्रिपरिषद का प्रमुख है।
इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर दीजिए:

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है किंतु R गलत है।
(d) A गलत है किंतु R सही है।

185. निम्न में से कौन से कथन सही हैं?
1. बलवंत राय मेहता समिति की नियुक्ति 1957 में हुई।
2. अशोक मेहता समिति ने अपनी रिपोर्ट 1977 में प्रस्तुत की।
3. जी.वी.के. राव समिति ने अपनी रिपोर्ट 1986 में प्रस्तुत की।
4. एल.एम. सिंघवी समिति ने अपनी रिपोर्ट 1987 में प्रस्तुत की।
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 2 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 1 और 4

186. पंचायती राज्य पर 73वें संशोधन के निम्न में से स्वैच्छिक उपबंध कौन से हैं?
1. पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण के उपबंध करने हेतु
2. पंचायतों को आर्थिक विकास की योजना तैयार करने को प्राधिकृत करना
3. ग्राम सभाओं का संगठन
4. करों, शुल्कों आदि के मामलों में पंचायतों को वित्तीय शक्तियां देना
5. पंचायत चुनाव कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग का गठन
(a) 1, 2 3 और 4 (b) 1, 2 और 5
(c) 1, 2 और 4 (d) 1, 2 4 और 5

187. **कथन (A):** संघ लोक सेवा आयोग का काम निर्णय नहीं बल्कि सलाह देना है।
**कारण (R):** संघ लोक सेवा आयोग एक सांविधानिक निकाय है।
इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर दीजिए:
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है किंतु R गलत है।
(d) A गलत है किंतु R सही है।

188. केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के संबंध में निम्न में से क्या सही है?
1. इसकी स्थापना संविधान के अनुच्छेद 312-क के उपबंधों के अधीन की गई।
2. इसका गठन भारत के राष्ट्रपति के आदेश से हुआ।
3. इसका गठन 1985 में हुआ।
4. इसका गठन संसद के अधिनियम द्वारा हुआ।
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 3 और 4 (d) 2, 3 और 4

189. कैग के लिए निम्न में से कौन से लेखापरीक्षा विवेकधीन है और बाध्यकर नहीं?
(a) लेखाविधि की लेखापरीक्षा
(b) प्राधिकार की लेखापरीक्षा
(c) विनियोग की लेखापरीक्षा
(d) औचिन्य की लेखापरीक्षा

190. ''राज्य ऐसी सामाजिक व्यवस्था की, जिसमें सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय राष्ट्रीय जीवन की सभी संस्थाओं को अनुप्रमाणित करे, भरसक प्रभावी रूप में स्थापना और संरक्षण करके लोक कल्याण की अभिवृद्धि का प्रयास करेगा।'' भारतीय संविधान के निम्न में से किस अनुच्छेद में यह बात कही गयी है?
(a) अनुच्छेद 39 (b) अनुच्छेद 46
(c) अनुच्छेद 38 (d) अनुच्छेद 37

191. राष्ट्रपति द्वारा वित्तीय आपात काल घोषित किए जाने के निम्न में से कौन से परिणाम होंगे?
1. राष्ट्रपति राज्यों को निदेश दे सकता है कि वे वित्तीय औचित्य के सिद्धांतों का पालन करें।
2. राष्ट्रपति, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के अतिरिक्त, तमाम सरकारी कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों को कम कर सकता है।
3. राज्य विधायिका द्वारा पारित सभी धन विधेयक तथा अन्य वित्तीय विधेयकों को राष्ट्रपति के विचार हेतु रोक कर रखा जा सकता है।

4. राष्ट्रपति को संसद प्राधिकृत कर सकती है कि वह खर्चों की स्वीकृति राज्य की संचित निधि से दें।

(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 2, 3 और 4
(c) 1 और 3 (d) 1, 3 और 4

192. अगर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की आयु के बारे में कोई प्रश्न उठता है तो उसका निर्णय राष्ट्रपति द्वारा निम्न में से किसकी सलाह से किया जाएगा?

(a) संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(b) संबंधित राज्य के राज्यपाल
(c) भारत के महान्यायवादी
(d) भारत के मुख्य न्यायाधीश

193. प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के बीच के संबंध को मोटे तौर पर संविधान के निम्न में से कौन से अनुच्छेद निर्धारित करते हैं?

1. अनुच्छेद 75 2. अनुच्छेद 73
2. अनुच्छेद 78 4. अनुच्छेद 76
5. अनुच्छेद 74

(a) 1, 2, 3 और 5 (b) 1, 3 और 5
(c) 1, 3, 4 और 5 (d) 1,2, 3, 4 और 5

194. कैग की लेखा परीक्षा और पेशेवर लेखापरीक्षकों द्वारा की गई लेखा परीक्षा में निम्न में से कौन सा अंतर है?

(a) प्राधिकार की लेखा परीक्षा
(b) विनियोग की लेखा परीक्षा
(c) लेखाविधि की लेखा परीक्षा
(d) औचित्य की लेखा परीक्षा

195. भूतपर्वू योजना आयोग को निम्न में से किसने कहा था कि यह "न केवल केद्र बल्कि राज्यों के लिए भी आर्थिक मंत्रिमंडल है।"

(a) के. संथानम
(b) ओ. आर गाडगिल
(c) प्रशासनिक सुधार आयोग
(d) अशोक चंद्रा

196. निम्न सूचियों का मिलान कर सही उत्तर दीजिये:

| **सूची I (राष्ट्रीय विकास परिषद संबंधी कथन)** | **सूची II (किसके हैं)** |
|---|---|
| 1. "योजना आयोग की सलाहकार संस्थाओं में राष्ट्रीय विकास परिषद भी है। यह बात गलत है जो इसकी संरचना से स्पष्ट है। राष्ट्रीय विकास परिषद स्पष्टतया नीति आयोग से श्रेष्ठ संस्था है। | 1. के. संथानम |
| 2. राष्ट्रीय विकास परिषद की स्थापना नियोजन के संबंध में एक सर्वोच्च प्रशासनिक एवं परामर्शी संस्था के रूप में की गई थी। प्रारंभ से राष्ट्रीय विकास परिषद और इसकी स्थाई समिति ने नीति आयोग की वस्तुत: एक सलाहकार अंग के दर्जे तक नीचे ला दिया था।" | 2. ए.पी.जैन |
| 3. "राष्ट्रीय विकास परिषद उन कार्यों में प्रवेश करती है जो संविधान द्वारा अन्य संस्थाओं को सौंपे गए हैं, और यह वो काम करने की कोशिश करती है जो केंद्र और राज्यों के स्तर पर मंत्रिपरिषद को करने चाहिए।" | 3. एम.ब्रेचर |
| 4. राष्ट्रीय विकास परिषद की स्थिति समूचे भारतीय संघ के लगभग महामंत्रिमंडल जैसे हो गई है, जो भारत सरकार तथा सभी राज्यों की सरकारों के लिए काम करती है।" | 4. अशोक चंद्रा<br>5. एच.एम.पटेल |

***कूट:***

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 5 |
| (c) | 5 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 5 | 3 | 4 | 1 |

197. निम्न में से कौन से कार्य पूर्ववर्ती योजना आयोग के थे?
1. राज्य सरकारों की विकास योजनाओं का निर्धारण
2. राष्ट्रीय विकास में जन सहयोग प्राप्त करना
3. विकास को प्रभावित करने वाली सामाजिक -आर्थिक नीतियों से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्नों पर ध्यान देना
4. राष्ट्रीय विकास परिषद को सचिवालय सहायता उपलब्ध कराना

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 4 (d) 2 और 4

198. निम्न में से किन मामलों में वित्त आयोग, पूर्ववर्ती योजना आयोग से भिन्न थे?
1. विधिक स्थिति 2. संरचना
3. कार्यकाल 4. संगठन का स्वरूप
5. कार्य

(a) 1, 2 और 5 (b) 1, 2, 3 और 5
(c) 1, 2, 4 और 5 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

199. सार्वजनिक प्रतिष्ठानों पर एक पृथक संसदीय समिति की आवश्यकता को सर्वप्रथम किसने महसूस किया था?
(a) अशोक मेहता (b) गी.जी. मावलंकर
(c) लंका सुंदरम (d) कृष्ण मेनन समिति

200. सुमेलित कीजिये:

| **सूची I** | **सूची II** |
|---|---|
| A. राष्ट्रपति का कार्यपालक प्राधिकार | 1. अनुच्छेद 56 |
| B. राष्ट्रपति का कार्यकाल | 2. अनुच्छेद 55 |
| C. राष्ट्रपति का निर्वाचन | 3. अनुच्छेद 61 |
| D. राष्ट्रपति पर महाभियोग | 4. अनुच्छेद 53 |
| | 5. अनुच्छेद 54 |

***कूट:***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 5 | 3 |
| (c) | 4 | 5 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 2 | 5 | 3 |

201. ***कथन (A):*** सार्वजनिक व्यय पर संसदीय नियंत्रण भारत की आकस्मिकता निधि के सृजन से कम हो जाता है।
***कारण (R):*** आकस्मिकता निधि का संचालन भारत के राष्ट्रपति द्वारा होता है।
इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर दीजिए:
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है किंतु R गलत है।
(d) A गलत है किंतु R सही है।

202. निम्न में से कौन से कथन सही हैं?
1. लेखानुदान- विधायी जांच एवं बजट पर चर्चा के लिये पर्याप्त समय मिलता है
2. भारित मद-संसद में पेश नहीं किया जाता
3. प्रत्ययानुदान-कार्यपालिका को दिया गया खाली चेक
4. अतिरेक अनुदान-स्वीकृति के लिये सीधे लोकसभा में पेश किया जाता है

(a) 1 और 3 (b) 1, 2 और 4
(c) 2 और 4 (d) 3 और 4

203. निम्न में से कौन से खर्चे भारत की संचित निधि पर भारित होते हैं?
1. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन।
2. संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्षों की पेंशनें।
3. ऋण प्रभार जिनके लिए भारत सरकार उत्तरदायी है।
4. प्रधानमंत्री की परिलब्धियां और भत्ते।

(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

204. संसद की लोक लेखा समिति के निम्न में से कौन से कार्य हैं?
1. केग की रिपोर्ट के आधार पर उन लेखाओं की जांच करना जो संसद द्वारा स्वीकृत धनराशियों के विनियोग को प्रदर्शित करते हैं।
2. कैग रिपोर्ट के आधार पर राज्य निगमों, व्यापारिक तथा विनिर्माण परियोजनाओं के लेखा के विवरण की जांच करना (इसमें वे परियोजनाएं/निगम शामिल नहीं जो लोक उपक्रम समिति को आवंटित कर दिए गए हैं)
3. उन स्वायत एवं अर्ध स्वायत निकायों के लेखा विवरण की जांच करना जिनकी लेखापरीक्षा केग द्वारा की जाती है।

4. यह जांच करना कि किसी वित्त वर्ष के दौरान कोई धनराशि उस अनुदान राशि से अधिक खर्च नहीं की गई है जो संसद द्वारा उस उद्देश्य के लिए स्वीकृत की गई थी।

(a) 1, 2 और 4 (b) 1, 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 3 और 4

205. ***कथन (A):*** स्थगन प्रस्ताव की युक्ति का प्रयोग राज्य सभा में नहीं किया जाता।

***कारण (R):*** स्थगन प्रस्ताव के पारित होने से सरकार नहीं हटती है।

इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर दीजिए:

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है किंतु R गलत है।
(d) A गलत है किंतु R सही है।

206. निम्न में से किन लोकपाल विधेयकों ने प्रधानमंत्री को भी अपने अधिकारक्षेत्र में लिया था?

1. लोकपाल विधेयक, 1968
2. लोकपाल विधेयक, 1971
3. लोकपाल विधेयक, 1977
4. लोकपाल विधेयक, 1985
5 लोकपाल विधेयक, 1990

(a) 1, 3 और 5 (b) 2, 3 और 5
(c) 3 और 5 (d) 3, 4 और 5

207. केंद्रीय सतर्कता आयोग के बारे में निम्न में से कौन-सी बातें सही हैं?

1. इसकी स्थापना 1964 में हुई।
2. यह एक सांविधिक निकाय है।
3. संघ लोक सेवा आयोग की तरह ही इसके कार्य परामर्शी हैं।
4. शिकायतें प्राप्त करने का उसका ढंग वैसा ही है जैसाकि इंग्लैंड में संसदीय प्रशासनिक आयुक्त का।

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 1, 3 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 1 और 3

208. संघ लोक सेवा आयोग से संबंधित निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

1. इसके कार्यों का उल्लेख संविधान में है।
2. पिछड़ी जातियों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए पदों के आरक्षण से संबंधित मुद्दों पर इससे सलाह नहीं ली जाती।
3. पदों, सेवाओं और विषयों को राष्ट्रपति संघ लोक सेवा आयोग के परामर्शी अधिकार क्षेत्र से बाहर रख सकते हैं।
4. राष्ट्रपति किसी स्थानीय प्राधिकरण, नियमित निकाय या सार्वजनिक संस्था की कार्मिक प्रणाली को संघ लोक सेवा आयोग के अधिकार क्षेत्र मे ला सकते हैं।

(a) 2 और 3 (b) 1, 2 और 3
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2, और 4

209. छावनी बोर्ड का कार्यकारी अधिकारी निम्नलिखित में से किसके द्वारा नियुक्त किया जाता है?

(a) बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा
(b) रक्षा सचिव द्वारा
(c) राज्य के मुख्य सचिव द्वारा
(d) भारत के राष्ट्रपति द्वारा

210. नगरपालिकाओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

1. इन्हें विभिन्न राज्यों में भिन्न भिन्न नामों से जानते हैं।
2. इन पर राज्य सरकारों का नियंत्रण होता है।
3. इनका अध्यक्ष ही कार्यकारी प्राधिकारी होता है।
4. ये सांविधिक निकाय हैं।

(a) 1, 2, और 4 (b)1, 2, 3 और 4
(c) 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

211. संविधान का 73वां (संशोधन) अधिनियम निम्नलिखित में से किन किन राज्यों पर लागू नहीं होता है?

1. नागालैंड 2. मिजोरम
3. जम्मू और कश्मीर 4. मेघालय

(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) 2 और 3

212. भारत में प्रथम नगर निगम की स्थापना मद्रास में किस वर्ष में हुई थी?

(a) 1767 (b) 1687
(c) 1667 (d) 1678

213. राज्य विधान परिषद को निम्नलिखित में से कौन समाप्त कर सकता है?
(a) संसद (b) राष्ट्रपति
(c) राज्यपाल (d) विधान सभा

214. निम्नलिखित में से किन-किन सिफारिशों के संदर्भ में अशोक मेहता समिति बलवन्त राय मेहता समिति से भिन्न है?
1. द्विस्तरीय पंचायती राज प्रणाली
2. पंचायती चुनावों के सभी स्तर पर राजनीतिक दलों की आधिकारिक भागीदारी
3. जिला परिषद – कार्यकारी निकाय के रूप में
4. विकास कार्य का भार जिला परिषद को सौंपा जाना
(a) 1, 2 और 4 (b)1, 2 और 3
(c) 1 और 2 (d) 1, 3 और 4

215. निम्नलिखित में से किन परिस्थितियों में राज्यपाल राज्य के किसी विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रख सकता है?
1. यदि यह अधिकारातीत हो।
2. यदि यह राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों के विरूद्ध हो।
3. यदि इससे उच्च न्यायालय की स्थिति को खतरा हो।
4. यदि विधेयक अनुच्छेद 31 क के तहत सम्पत्ति के अनिवार्य अधिग्रहण से संबंधित हो।
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 2, 3 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 3 और 4

216. निम्नलिखित में से "भारत की संचित निधि" पर भारित हैं?
1. राज्य परिषदों के अध्यक्ष के वेतन और भत्ते।
2. नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के वेतन और भत्ते।
3. किसी मध्यस्थ अधिकरण के किसी निर्णय के लिए अपेक्षित धनराशि।
4. उपाध्यक्ष के वेतन और भत्ते।
(a) 2 और 3 (b) 1, 2 और 3
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) 2 और 4

217. रेल बजट में मांगों की संख्या कितनी होती है?
(a) 36 (b) 34
(c) 42 (d) 32

218. निम्नलिखित में से किसे मतदान हेतु लोकसभा में प्रस्तुत किए जाने से पहले लोक लेखा समिति का अनुमोदन प्राप्त होना चाहिए?
(a) अतिरिक्त अनुदान
(b) अपवादानुदात
(c) सांकेतिक अनुदान
(d) अतिरेक अनुदान

219. निम्नलिखित में से कौन बजट की तैयारी कार्य में शामिल नहीं होता है?
(a) वित्त मंत्रालय
(b) नीति आयोग
(c) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(d) वित्त आयोग

220. प्रशासनिक सुधार आयोग के अनुसार लोकपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा निम्न में से किसकी सलाह से की जाएगी?
1. भारत के मुख्य न्यायाधीश
2. लोकसभा में विपक्ष का नेता
3. लोकसभा अध्यक्ष
4. राज्यसभा का सभापति
(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) 1, 3 और 4 (d) 2, 3 और 4

221. निम्न में से किन विधेयकों को संसद में रखे जाने से पूर्व राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त होनी आवश्यक होती है?
1. राज्यों के पुनर्गठन से संबंधित विधेयक
2. उन करों से संबंधित विधेयक जिनके प्रति राज्य इच्छुक हों।
3. व्यापार की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाने संबंधी राज्य के विधेयक।
4. भारत की संचित निधि से व्यय संबंधी विधेयक।
(a) 1, 2 और 4 (b) 1, 2, 3 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2 और 3

222. अंतर्राज्यीय परिषद में निम्न में से कौन-कौन शामिल होते हैं?
1. प्रधानमंत्री
2. सभी राज्यों के मुख्यमंत्री
3. विधानमंडलयुक्त संघ राज्यों के मुख्यमंत्री
4. आठ केंद्रीय कैबिनेट मंत्री

5. विधानमंडलयुक्त संघ राज्यों के प्रशासक

(a) 1, 2, 3, 4 और 5 (b) 1, 2, 3 और 4

(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 5

223. मंत्रिमंडल स्तर की निम्न समितियों में से किसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नहीं करते?

(a) राजनीतिक मामलों संबंधी समिति

(b) नियुक्ति समिति

(c) संसदीय समिति

(d) आर्थिक समिति

224. "अपनी स्थापना के समय से ही राष्ट्रीय विकास परिषद और इसकी स्थायी समिति ने नीति आयोग का दर्जा कम कर इसे महज अनुसंधान शाखा बना दिया है।" यह कथन निम्नलिखित में से किससे संबंध रखता है?

(a) के. संथानम् (b) एम. ब्रेचर

(c) एच.एम. पटेल (d) अशोक चंदा

225. निम्नलिखित में से किन किन विषयों पर वित्त आयोग राष्ट्रपति को अनुशंसाएं करता है?

1. करों से प्राप्त शुद्ध आय का केंद्र और राज्य के मध्य वितरण तथा ऐसे आय को राज्यों के मध्य उनके भाग के रूप मे आवंटन।
2. वे सिद्धांत जिनसे भारत की संचित निधि में से राज्यों के राजस्व के रूप में दिए जाने वाले सहायता अनुदान शासित होते हैं।
3. राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर राज्य की नगरपालिकाओं के संसाधनों की पूर्ति हेतु राज्य की संचित निधि में वृद्धि करने के लिए आवश्यक उपाय।
4. राष्ट्रपति द्वारा सुकर वित्त के हितों को ध्यान में रखते हुए संदर्भित कोई अन्य मामला।

(a) 1, 2 और 4 (b) 1, 2, 3 और 4

(c) 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

226. संविधान में मौलिक कर्तव्यों का समावेश निम्नलिखित में से किसकी सिफारिश पर किया गया था?

(a) शाह आयोग

(b) प्रशासनिक सुधार आयोग

(c) संथानम समिति

(d) स्वर्ण सिंह समिति

227. संविधान के अनुच्छेद 75 के उपबंध निम्न में से कौन-से हैं?

1. मंत्रियों की नियुक्ति प्रधानमंत्री की सलाह से राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी।
2. मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से संसद के प्रति जिम्मेदार होगी।
3. मंत्रियों द्वारा राष्ट्रपति को दी गयी सलाह की जांच पड़ताल किसी न्यायालय में नहीं की जा सकेगी।
4. मंत्रियों के वेतन और भत्तों का निर्धारण संसद द्वारा किया जाएगा।

(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 2 और 4

(c) 2, 3 और 4 (d) 2 और 4

228. राष्ट्रीय विकास परिषद का गठन किनसे होता है?

1. सभी राज्यों के मुख्यमंत्री
2. सभी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री
3. प्रधानमंत्री
4. संघ राज्यों के प्रशासक
5. चुनिन्दा केंद्रीय कैबिनेट मंत्री
6. नीति आयोग के सदस्य

(a) 1, 2, 3 और 6 (b) 1, 2, 3, 4 और 6

(c) 1, 2, 3,5 और 6 (d) 1, 3, 4, 5 और 6

***कथन (A) और कारण (R) प्रतिरूप***

इन प्रश्नों का उत्तर नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर दीजिए :

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A सही है किंतु R गलत है।

(d) A गलत है किंतु R सही है।

229. ***कथन (A):*** प्राक्कलन समिति को 'सतत मितव्ययता समिति' कहा गया है।

***कारण (R):*** यह प्रशासन पर विधायी नियंत्रण का साधन है।

230. ***कथन (A):*** भारत के राष्ट्रपति पर संविधान के उल्लंघन का महाभियोग लगाया जा सकता है।

***कारण (R):*** संविधान में राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाने की विधि का उल्लेख है।

231. ***कथन (A):*** 73वां संशोधन अधिनियम देश में सबसे नीचे के प्रजातांत्रिक संस्थाओं के विकास की दिशा में महत्त्वपूर्ण घटना है।

***कारण (R):*** इस अधिनियम के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संविधान में समुचित स्थान मिला है।

232. राज्यपाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. वह अपना त्यागपत्र राज्य के मुख्यन्यायाधीश को प्रस्तुत करता है।
2. उसे 35 वर्ष की आयु पूरी किए हुए होना चाहिए।
3. उसकी परिलब्धियों, भत्तों और विशेषाधिकारों का निर्धारण राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है।
4. उसके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला नहीं चलाया जा सकता है।

उपयुर्क्त में से गलत कौन से कथन हैं?

(a) 1 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 2 और 4

233. राज्यपाल द्वारा राज्य विधान परिषद के लिए कितने सदस्यों को नामित किया जा सकता है?

(a) तिहाई भाग (b) बारहवां भाग
(c) आठवां भाग (d) छठा भाग

234. ***कथन (A):*** राज्य स्तर का कोई भी मंत्री अपने पद पर तब तक ही बना रह सकता है, जब तक उसे मुख्यमंत्री का विश्वास प्राप्त हो।

***कारण (R):*** किसी मंत्री के साथ मतभेद होने की स्थिति में मुख्यमंत्री उससे त्यागपत्र मांग सकता है अथवा राज्यपाल को उसे पदच्युत करने की सलाह दे सकता है।

इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर दीजिए:

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है किंतु R गलत है।
(d) A गलत है किंतु R सही है।

235. पंचायती राज के संबंध में अशोक मेहता समिति द्वारा की गई सिफारिशों में निम्न में से कौन–सी शामिल हैं?

1. 10,000 से 15,000 की आबादी के लिए मण्डल पंचायत का गठन।
2. राज्य के विधान में कमजोर वर्ग की जरूरतों की देखभाल के लिए पंचायती राज से जुड़ी एक समिति होनी चाहिए।
3. पंचायती राज संस्थाओं को भंग किए जाने की स्थिति में उसके चुनाव एक वर्ष के भीतर कराए जाने चाहिए।
4. न्याय पंचायतों की अध्यक्षता ग्राम विकास अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए।

(a) 1, 2 और 4 (b) 2 और 4
(c) 1, 2 औ 3 (d) केवल 2

236. नगरपालिकाओं से संबंधित 74 वें (संशोधन) अधिनियम के उपबंधों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–से कथन सही हैं?

1. दो लाख तक की आबादी वाले वार्डों के लिए वार्ड समितियां हो।
2. राज्यपाल नगरपालिकाओं को करों की उगाही, संग्रहण और विनियोग के लिए प्राधिकृत कर सकता है।
3. छोटे शहरी क्षेत्र के लिए नगर परिषद हो।
4. बारहवीं अनुसूची में नगरपालिकाओं के लिए 20 कार्य मदों का उल्लेख है।

(a) 1, 3 और 4 (b) 1, 2 और 4
(c) केवल 3 (d) 3 और 4

237. ***कथन (A):*** संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों की संख्या का निर्धारण राष्ट्रपति करता है।

***कारण (R):*** संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है।

इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर दीजिए:

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है किंतु R गलत है।
(d) A गलत है किंतु R सही है।

238. **कथन (A):** अखिल भारतीय सेवा के सदस्य केंद्र सरकार, राज्य सरकार और संघ राज्य सरकार में कार्य करते हैं।

**कारण (R):** उनका चयन और उनी भर्ती संघ लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर की जाती है।

इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर दीजिए:

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है किंतु R गलत है।
(d) A गलत है किंतु R सही है।

239. कर्मचारी चयन आयोग के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

1. इसकी स्थापना वर्ष 1976 में हुई।
2. यह कार्मिक मंत्रालय के अधीन एक अधीनस्थ कार्यालय।
3. इसका गठन कार्यकारी प्रस्ताव द्वारा हुआ।
4. यह आयोग केंद्र सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों तथा सचिवालय में क्लास-III के गैर तकनीकी पदों पर कार्मिक की भर्ती करता है।

(a) 1, 2 और 4 (b) 2, 3 और 4
(c) 3 और 4 (d) 2 और 4

240. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही है?

1. अनुच्छेद 266–विधि प्राधिकार के सिवाए किसी कर की उगाही या संग्रहण नहीं किया जाएगा।
2. अनुच्छेद 117–कार्यपालक सरकार के आदेश के बिना कोई कर नहीं लगाया जाएगा।
3. अनुच्छेद 113–कार्यपालक सरकार के आदेश के बिना कोई व्यय स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
4. अनुच्छेद 265–विधायिका के प्राधिकार के बिना कोई व्यय नहीं किया जाएगा।

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 2 और 3

241. भारत के आकस्मिकता निधि के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. इसका गठन संविधान के अनुच्छेद-267 के उपबंधों के तहत हुआ था।
2. इसका गठन वर्ष 1951 में हुआ था।
3. इसका रख-रखाव वित्त सचिव द्वारा राष्ट्रपति की ओर से किया जाता है।
4. इस निधि की राशि का निर्धारण राष्ट्रापति द्वारा किया जाता है।

(a) 1 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 3 और 4

242. ***कथन (A):*** वित्त वर्ष के लिए नियत धनराशि को वित्त वर्ष में व्यय न कर पाने के कारण शेष राशि को लौटए जाने के सिद्धान्त के कारण वित्त वर्ष की समाप्ति के समय व्यय में तेजी आती है।

***कारण (R):*** वित्त वर्ष की समाप्ति तक व्यय हेतु शेष बची अप्रयुक्त राशि समाप्त हो जाती है।

इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर दीजिए:

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है किंतु R गलत है।
(d) A गलत है किंतु R सही है।

243. निम्नलिखित का मिलान सही कूट चुनकर कीजिए:

| **सूची-I (संसदीय समितियां)** | **सूची-II (गठन का वर्ष)** |
|---|---|
| A. सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति | 1. 1923 |
| B. लोक उपक्रमों संबंधी से संबद्ध समिति | 2. 1953 |
| C. अधीनस्थ विधान संबंधी समिति | 3. 1921 |
| D. लोक लेखा समिति | 4. 1953 |
| | 5. 1964 |

***कूट:***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 5 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 5 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 5 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 5 | 4 | 3 |

244. केंद्रीय सतर्कता आयोग के संबंध में निम्न में से कौन से कथन सही हैं?
    1. इसकी स्थापना संथानम् समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई थी।
    2. इसके अधिकार क्षेत्र में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरों के कार्यकरण पर अधीक्षण सम्मिलित नहीं है।
    3. इसकी स्थापना भारत सरकार के कार्यकारी प्रस्ताव द्वारा हुई है।
    4. इसमें एक अध्यक्ष और तीन सदस्य होते हैं।

    (a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
    (c) 1 और 3 (d) 1 और 4

245. राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किए जाने के परिणाम निम्न में से क्या-क्या हो सकते हैं?
    1. राष्ट्रपति राज्य के कार्यकारी अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर सकता है।
    2. राष्ट्रपति लोकसभा के सामान्य कार्यकाल को बढ़ा सकता है।
    3. राष्ट्रपति नागरिकों के सभी मौलिक अधिकारों को निलम्बित कर सकता है।
    4. राष्ट्रपति केंद्र और राज्यों के मध्य वित्तीय संसाधनों के वितरण प्रतिरूप को संशोधित कर सकता है।

    (a) 1, 3 और 4 (b) 1, 2 और 4
    (c) 1, 2, 3 और 4 (d) 1, 2 और 3

246. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा सही है?
    (a) 1919 का अधिनियम -केंद्र में द्वैध शासन
    (b) 1861 का अधिनियम -पोर्टफोलियो प्रणाली (विभाग विभाजन प्रणाली)
    (c) 1935 का अधिनियम -द्वैध सदनीय
    (d) 1853 का अधिनियम -भारत का गवर्नर जनरल

247. राष्ट्रपति द्वारा अध्यादेश जारी किए जाने के अधिकार के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-कौन कथन सही हैं?
    1. यह उपबंध संविधान के अनुच्छेद 123 में किया गया है।
    2. इसका विस्तार संसद के विधायी अधिकार तक है।
    3. राष्ट्रपति कोई अध्यादेश तब ही जारी कर सकता है जब लोकसभा का सत्रावसान हो।
    4. यह राष्ट्रपति का विवेकाधीन अधिकार है।

    (a) 1, 2, 3 और 4 (b) 1, 2 और 4
    (c) 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

248. ***कथन (A):*** योजनाओं की तैयारी पर प्रधानमंत्री कार्यालय का प्रभाव होता है।

    ***कारण (R):*** प्रधानमंत्री नीति आयोग का अध्यक्ष होता है।

    इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर दीजिए:

    (a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
    (b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
    (c) A सही है किंतु R गलत है।
    (d) A गलत है किंतु R सही है।

249. निम्नलिखित का मिलान सही संकेत चुनकर कीजिए:

| सूची- I | सूची-II |
|---|---|
| (A) मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से संसद के प्रति जवाबदेह | - अनुच्छेद-74 |
| (B) राष्ट्रपति के प्रति प्रधानमंत्री के कर्तव्य | - अनुच्छेद-77 |
| (C) मंत्रिपरिषद द्वारा राष्ट्रपति को सलाह और सहायता उपलब्ध कराना | - अनुच्छेद-76 |
| (D) भारत सरकार की सभी कार्यकारी कार्रवाईयां राष्ट्रपति की ओर से उसी के नाम की जाएं। | - अनुच्छेद-75 |
| | - अनुच्छेद-78 |

***कूट:***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 5 | 1 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 5 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

250. भारतीय संसद की संप्रभुता की सीमाएं निम्न में से कौन सी हैं?
    1. मौलिक अधिकार 2. न्यायिक समीक्षा

3. संघवाद 4. लिखित संविधान

(a) 1, 3 और 4 (b) 1, 2 और 3

(c) 1 और 2 (d) 1, 2, 3 और 4

251. ***कथन (A):*** भारत सरकार अधिनियम, 1935 के तहत अधिशेष शक्तियां केंद्रीय विधायिका को प्रदान की गयी थीं।

***कारण (R):*** भारत सरकार अधिनियम, 1935 के माध्यम से कार्यमदों (विषयों) को तीन सूचियों में बांटा गया था। संघीय, प्रान्तीय और समवर्ती।

इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर दीजिए:

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A सही है किंतु R गलत है।

(d) A गलत है किंतु R सही है।

252. भारतीय संविधान की संघीय विशेषताएं निम्न में से कौन-कौन सी हैं?

1. अनम्य संविधान 2. द्विसदनीय विधायिका
3. केग का पद 4. सामूहिक जिम्मेदारी
5. राज्यपाल का पद

(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 2 और 5

(c) 1, 2, 3 और 4 (d) 1 और 2

253. "योजना आयोग का प्रदत्त उत्कृष्ट दर्जा मंत्रिमण्डलीय सरकार की धारणा के विपरीत है।" यह कथन निम्नलिखित में से किसका है?

(a) अशोक चन्दा (b) के. संथानम

(c) प्राक्कलन समिति (d) प्रशासनिक सुधार आयोग

254. राष्ट्रीय विकास परिषद के उद्देश्य निम्न में से कौन-कौन से हैं?

1. सभी प्रमुख क्षेत्रों में समान आर्थिक नीतियों को बढ़ावा देना।
2. योजनाओं के कार्यान्वयन में राज्यों से सहयोग प्राप्त करना।
3. योजना से जुड़े कार्यों की समय-समय पर समीक्षा करना।
4. विकास कार्य को प्रभावित करने वाली सामाजिक और आर्थिक नीति के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार करना।

(a) 1 और 2 (b) 1, 2, 3 और 4

(c) 1, 2 और 4 (d) 1, 2 और 3

255. ***कथन (A):*** वित्त आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की योग्यता का निर्धारण भारत के राष्ट्रपति करते हैं।

***कारण (R):*** वित्त आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर दीजिए:

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A सही है किंतु R गलत है।

(d) A गलत है किंतु R सही है।

256. वित्त आयोग के संबंध में सही कथन कौन से हैं?

1. इसे भारतीय वित्त संघवाद के नियंत्रक का कार्य करना होता है।
2. इसमें एक अध्यक्ष और तीन अन्य सदस्य होते हैं।
3. आयोग के सदस्यों की योग्यता का निर्धारण राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है।
4. इसका गठन संविधान के अनुच्छेद 280 के उपबंधों के तहत हुआ है।

(a) 2, 3 और 4 (b) 2 और 3

(c) 1 और 4 (d) 1, 2 और 3

257. भारतीय राष्ट्रपति के वीटो का अधिकार-निम्नलिखित में किन-किन का सम्मिश्रण है?

1. पॉकेट वीटो 2. एब्सोल्यूट वीटो
3. सस्पेंसिव वीटो 4. क्वालिफायड वीटो

(a) 2 और 3 (b) 1, 3 और 4

(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2 और 3

258. राष्ट्रीय विकास परिषद के कार्य निम्न में से कौन हैं?

1. योजना आयोग (अब नीति आयोग) द्वारा तैयार राष्ट्रीय योजना पर विचार करना।
2. योजना कार्यान्वयन में राज्यों का सहयोग प्राप्त करना।
3. योजना से संबंधित कार्यों की समय समय पर समीक्षा

करना।

4. विकास को प्रभावित करने वाले सामाजिक और आर्थिक नीतिगत मुद्दों पर विचार करना।

(a) 1, 2 और 3 (b) 2 और 3
(c) 1, 3 और 4 (d) 2 और 4

259. राष्ट्रपति और मंत्रिपरिषद के मध्य वर्तमान संबंध निम्नलिखित में से किस अधिनियम के उपबंधों से शासित है?

(a) 42वां (संशोधन) अधिनियम
(b) 48वां (संशोधन) अधिनियम
(c) 54वां (संशोधन) अधिनियम
(d) 44वां (संशोधन) अधिनियम

260. क्षेत्रीय परिषद की स्थापना निम्नलिखित में से किसके द्वारा हुई है?

(a) संविधान के अनुच्छेद 263 द्वारा
(b) राज्य पुनर्गठन अधिनियम द्वारा
(c) क्षेत्रीय परिषद अधिनियम द्वारा
(d) भारत के राष्ट्रपति के आदेश द्वारा

261. निम्नलिखित कथनों में से कौन से कथन सही हैं?

1. संसद किसी कर में वृद्धि कर सकती है।
2. संसद किसी कर में कटौती/कमी नहीं कर सकती है।
3. संसद किसी कर को समाप्त कर सकती है।
4. संसद किसी कर में वृद्धि नहीं कर सकती है।
5. संसद किसी कर में कमी कर सकती है।

(a) 1, 3 और 5 (b) 3, 4 और 5
(c) 2, 3 और 4 (d) 3 और 4

262 भारत की संचित निधि पर भारित व्यय के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

1. इसके लिए संसद की स्वीकृति आवश्यक होती है।
2. इसके लिए संसद में बहस आवश्यक होती है।
3. इसके लिए केवल लोकसभा की स्वीकृति आवश्यक होती है।
4. इसके लिए संसद की स्वीकृति आवश्यक नहीं होती है।

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 2 और 4 (d) 1 और 4

263. राष्ट्रपति और राज्यपाल को प्राप्त क्षमादान अधिकार के मध्य अन्तर के संबंध में निम्न में से कौन कौन से कथन सही हैं?

1. राज्यपाल कोर्ट मार्शल द्वारा सुनायी गयी सजा को माफ कर सकता है, किन्तु राष्ट्रपति माफ नहीं कर सकता।
2. राष्ट्रपति मृत्युदंड को माफ कर सकता है, किन्तु राज्यपाल नहीं।
3. राज्यपाल मृत्युदंड को माफ कर सकता है, किन्तु राष्ट्रपति नहीं।
4. राष्ट्रपति कोर्ट मार्शल द्वारा दी गयी सजा को माफ कर सकता है, किन्तु राज्यपाल नहीं।

(a) 1 और 2 (b) 2 और 4
(c) 1 और 3 (d) 3 और 4

264. किसी विधेयक को राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखने के अधिकार के संबंध में निम्न में से कौन–कौन से कथन सही हैं?

1. इसका उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 200 में है।
2. यह राज्यपाल की विवेकाधीन शक्ति नहीं है।
3. यदि विधेयक से उच्च न्यायालय की स्थिति को खतरा हो तो ऐसा करना अनिवार्य है।
4. राज्यपाल राज्य विधायिका द्वारा पारित किसी विधेयक को रोके रख सकता है।

(a) 1, 2 और 3 (b) 3 और 4
(c) 1 और 3 (d) 2, 3 और 4

265. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा सही नहीं है?

(a) केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, 1963
(b) विशेष पुलिस स्थापना, 1942
(c) भ्रष्टाचार निवारक अधिनियम, 1947
(d) केंद्रीय सतर्कता आयोग, 1964

266. केंद्रीय सतर्कता आयोग के संबंध में निम्नलिखित में कौन से कथन सही नहीं है?

1. इसकी स्थापना प्रशासनिक सुधार आयोग की सिफारिश पर की गयी।
2. इसका प्रधान प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त केंद्रीय सतर्कता आयुक्त होता है।
3. कुछ मामलों में इस आयोग के कार्य संघ लोक सेवा

आयोग के समान हैं।
4. यह निश्चित रूप से लोकपाल का प्रतिरूप है।
5. यह पीड़ित व्यक्ति की शिकायतें सीधे सुनता है।
(a) 1, 4 और 5 (b) 1, 2 और 4
(c) 3 और 4 (d) 3, 4 और 5

267. निम्न लोक सेवाओं में से किन-किन का उल्लेख संविधान में है?
1. भारतीय प्रशासनिक सेवा
2. भारतीय वन सेवा
3. भारतीय पुलिस सेवा
4. अखिल भारतीय न्यायिक सेवा
5. भारतीय विदेश सेवा
(a) 1 और 3 (b) 1, 2 और 3
(c) 1, 3 और 5 (d) 1, 3 और 4

268. निम्न में से किन-किन परिस्थितियों में राष्ट्रपति संघ लोक सेवा आयोग के किसी सदस्य को, उच्चतम न्यायालय को मामला भेजे बिना ही पदच्युत कर सकता है?
1. यदि वह सदस्य अपने कार्यकाल के दौरान कार्यालय से बाहर अन्यत्र कोई लाभ का पद ग्रहण करता है।
2. यदि उसे दिवालिया करार दिया जाता है।
3. यदि मानसिक या शारीरिक दुर्बलतावश वह पद पर बना नहीं रह सकता है।
4. यदि वह किसी भी प्रकार भारत सरकार, किसी राज्य सरकार द्वारा या उसके पक्ष में किए गए किसी करार या समझौते से संबद्ध होता है या उसमें रूचि रखता है।
(a) 2 और 3 (b) केवल 4
(c) केवल 1 (d) 1, 2 और 3

269. संघ लोक सेवा आयोग का निम्न में से किन से कुछ लेना-देना नहीं है?
1. सेवाओं का वर्गीकरण 2. पदोन्नति
3. प्रशिक्षण 4. अनुशासनिक मामले
5. प्रतिभा खोज
(a) 2, 4 और 5 (b) 1, 3 और 4
(c) 1 और 3 (d) 1 और 4

***मिलान प्रतिरूप***

सूची-I का मिलान सूची-II से करें और सूची के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनें:

270.

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | केवल राज्य से संबंधित कर | 1. | मेडिकल पदार्थों पर उत्पादशुल्क |
| B. | केंद्र द्वारा प्रभारित एवं संगृहित किन्तु राज्यों को सुपुर्द किए गए शुल्क। | 2. | करों पर अधिभार |
| C. | केवल केंद्र से संबंधित कर | 3. | अंतर्राज्यीय व्यापार के दौरान सामान की बिक्री पर कर |
| D. | केंद्र द्वारा प्रभारित किन्तु राज्यों द्वारा संगृहित और विनियोजित शुल्क | 4. | गैर-कृषि आय पर कर |
| | | 5. | बिक्री कर |

***कूटः***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 4 | 3 | 5 | 2 |
| (c) | 5 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 4 | 5 | 1 |

271.

| | सूची-I (अधिनियम) | | सूची II-(उपबंध) |
|---|---|---|---|
| A. | भारतीय परिषद अधिनियम, 1861 | 1. | द्वैध शासन की शुरूआत |
| B. | भारत सरकार अधिनियम, 1919 | 2. | भारतीय मामलों का ब्रिटिश शासन के सीधे नियंत्रण में जाना। |
| C. | भारतीय परिषद अधिनियम, 1892 | 3. | प्रतिनिधिक संस्थानों की शुरूआत |
| D. | पिट्स इंडिया एक्ट, 1784 | 4. | प्रान्तीय स्वायत्तता की शुरूआत |
| | | 5. | चुनाव के सिद्धांत की शुरूआत |

***कूटः***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 5 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 5 |
| (d) | 3 | 1 | 5 | 2 |

***कथन (क) और कारण (का) प्रतिरूप***

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर दीजिए :

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है किंतु R गलत है।
(d) A गलत है किंतु R सही है।

272. ***कथन (A):*** नीति आयोग न तो सांविधिक निकाय है और न ही सांविधानिक।
***कारण (R):*** इसकी स्थापना केंद्रीय मंत्रिमंडल के कार्यकारी प्रस्ताव द्वारा हुई थी।

273. ***कथन (A):*** भारतीय संविधान लगभग संघीय प्रकृति का है।
***कारण (R):*** इसके माध्यम से केंद्र सरकार को राज्य सरकारों की अपेक्षा अधिक शक्तियां प्रदान की गयी हैं।

274. ***कथन (A):*** मुख्यमंत्री राज्य सरकार के किसी मंत्री को बर्खास्त कर सकता है।
***कारण (R):*** मुख्यमंत्री, राज्य मंत्रिपरिषद का प्रमुख होता है।

275. संघ लोक सेवा आयोग के कार्यों के संबंध में निम्न में से कौन-से कथन सही हैं?
1. संघ की सेवाओं के लिए नियुक्ति हेतु परीक्षाओं का आयोजन।
2. राज्य सरकार के अनुरोध पर किसी ऐसी सेवाओं के लिए संयुक्त भर्ती के लिए योजनाएं तैयार कर उन्हें संचालित करना जिनके लिए विशेष योग्यताधारी अभ्यर्थियों की आवश्यकता हो।
3. लोक सेवाओं और नागरिक पदों पर भर्ती के तरीकों से जुड़े मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकारों को परामर्श देना।
4. राष्ट्रपति को प्रतिवर्ष आयोग द्वारा किए गए कार्यों से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

276. निम्न में से किस याचिका का प्रावधान भारतीय संविधान में नहीं किया गया है?
(a) प्रतिषेध (b) परमादेश
(c) अधिकार पृच्छा (d) निषेधाज्ञा

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 2. | (c) | 3. | (b) | 4. | (d) | 5. | (b) |
| 6. | (d) | 7. | (d) | 8. | (d) | 9. | (b) | 10. | (d) |
| 11. | (a) | 12. | (b) | 13. | (d) | 14. | (d) | 15. | (c) |
| 16. | (c) | 17. | (d) | 18. | (a) | 19. | (b) | 20. | (d) |
| 21. | (c) | 22. | (c) | 23. | (c) | 24. | (d) | 25. | (b) |
| 26. | (a) | 27. | (c) | 28. | (b) | 29. | (d) | 30. | (c) |
| 31. | (c) | 32. | (c) | 33. | (d) | 34. | (a) | 35. | (c) |
| 36. | (d) | 37. | (c) | 38. | (b) | 39. | (c) | 40. | (b) |
| 41. | (d) | 42. | (a) | 43. | (a) | 44. | (c) | 45. | (a) |
| 46. | (b) | 47. | (a) | 48. | (a) | 49. | (d) | 50. | (c) |
| 51. | (d) | 52. | (d) | 53. | (d) | 54. | (d) | 55. | (b) |
| 56. | (b) | 57. | (b) | 58. | (d) | 59. | (d) | 60. | (d) |
| 61. | (d) | 62. | (b) | 63. | (d) | 64. | (c) | 65. | (b) |
| 66. | (d) | 67. | (b) | 68. | (d) | 69. | (d) | 70. | (c) |
| 71. | (c) | 72. | (d) | 73. | (d) | 74. | (c) | 75. | (c) |
| 76. | (c) | 77. | (c) | 78. | (d) | 79. | (b) | 80. | (c) |
| 81. | (d) | 82. | (c) | 83. | (c) | 84. | (c) | 85. | (c) |
| 86. | (d) | 87. | (b) | 88. | (c) | 89. | (b) | 90. | (c) |
| 91. | (d) | 92. | (d) | 93. | (b) | 94. | (a) | 95. | (d) |
| 96. | (d) | 97. | (b) | 98. | (b) | 99. | (b) | 100. | (d) |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 101. | (b) | 102. | (b) | 103. | (d) | 104. | (d) | 105. | (c) |
| 106. | (d) | 107. | (d) | 108. | (c) | 109. | (b) | 110. | (d) |
| 111. | (c) | 112. | (a) | 113. | (a) | 114. | (a) | 115. | (b) |
| 116. | (a) | 117. | (c) | 118. | (a) | 119. | (b) | 120. | (c) |
| 121. | (b) | 122. | (c) | 123. | (d) | 124. | (d) | 125. | (d) |
| 126. | (d) | 127. | (c) | 128. | (d) | 129. | (d) | 130. | (d) |
| 131. | (c) | 132. | (b) | 133. | (a) | 134. | (c) | 135. | (c) |
| 136. | (d) | 137. | (c) | 138. | (d) | 139. | (a) | 140. | (b) |
| 141. | (c) | 142. | (a) | 143. | (d) | 144. | (a) | 145. | (b) |
| 146. | (b) | 147. | (d) | 148. | (d) | 149. | (c) | 150. | (b) |
| 151. | (c) | 152. | (c) | 153. | (d) | 154. | (d) | 155. | (a) |
| 156. | (c) | 157. | (c) | 158. | (c) | 159. | (d) | 160. | (d) |
| 161. | (c) | 162. | (d) | 163. | (b) | 164. | (b) | 165. | (b) |
| 166. | (c) | 167. | (b) | 168. | (a) | 169. | (a) | 170. | (c) |
| 171. | (d) | 172. | (a) | 173. | (a) | 174. | (b) | 175. | (a) |
| 176. | (b) | 177. | (c) | 178. | (b) | 179. | (c) | 180. | (c) |
| 181. | (d) | 182. | (d) | 183. | (b) | 184. | (a) | 185. | (c) |
| 186. | (c) | 187. | (b) | 188. | (c) | 189. | (d) | 190. | (c) |
| 191. | (c) | 192. | (d) | 193. | (b) | 194. | (d) | 195. | (d) |
| 196. | (c) | 197. | (c) | 198. | (b) | 199. | (c) | 200. | (b) |

201. (d) 202. (c) 203. (a) 204. (b) 205. (b)
206. (c) 207. (c) 208. (a) 209. (d) 210. (b)
211. (c) 212. (b) 213. (a) 214. (b) 215. (b)
216. (a) 217. (d) 218. (d) 219. (d) 220. (c)
221. (b) 222. (c) 223. (c) 224. (b) 225. (b)
226. (d) 227. (b) 228. (b) 229. (b) 230. (b)
231. (a) 232. (a) 233. (d) 234. (a) 235. (d)
236. (c) 237. (b) 238. (b) 239. (c) 240. (d)
241. (a) 242. (a) 243. (d) 244. (c) 245. (b)
246. (b) 247. (c) 248. (a) 249. (c) 250. (d)
251. (d) 252. (d) 253. (a) 254. (a) 255. (d)
256. (c) 257. (d) 258. (c) 259. (d) 260. (b)
261. (b) 262. (c) 263. (b) 264. (c) 265. (b)
266. (b) 267. (d) 268. (d) 269. (c) 270. (c)
271. (d) 272. (a) 273. (a) 274. (d) 275. (c)
276. (c)